JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

आज का मौसम
अधिकतम : 20
न्यूनतम : 22
हवा में नमी : 213

वर्ष : 66 ● अंक: 33 ● श्रीगंगानगर, बुधवार, 18.12.2024, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ : 8

## रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास



जनमार्ग न्यूज

**मुम्बई।** रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वे तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। अश्विन ने गाबा टेस्ट खत्म होते ही रिटायरमेंट का ऐलान किया। उनके रिटायरमेंट का बीसीसीआई ने भी ट्वीट किया। टेस्ट में 537 विकेट लिए आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट हासिल किए। उनके नाम 37 फाइव विकेट हॉल हैं और 8 बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 156 वनडे विकेट भी हासिल किए। टी-20 में अश्विन ने 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल 6 टेस्ट शतक लगाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम कुल 8 शतक रहे।

# किसानों के रेल रोको आंदोलन से रेलवे यातायात प्रभावित

» शान-ए-पंजाब और शताब्दी एक्सप्रेस रोकी गई » 48 जगहों पर रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान



जनमार्ग न्यूज

**पटियाला।** पंजाब में शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में 3 घंटे के लिए ट्रेनें रोकी जा रही हैं। 48 जगहों पर किसान दोपहर 12 बजे से ट्रैक पर बैठे हैं, 3 बजे तक प्रोटेस्ट किया। कई जगहों पर किसानों के साथ महिलाएं भी झंडा लेकर ट्रैक पर डटी हुई हैं। किसानों के प्रदर्शन के चलते शान ए पंजाब और शताब्दी एक्सप्रेस को लुधियाना के ढंडारी कलां में रोक दिया गया है। अमृतसर, जालंधर और होशियारपुर में सबसे ज्यादा धरने दिए जा रहे हैं। रेल रोको आंदोलन का ऐलान 14 दिसंबर को किसान नेता सरवण पंधेर ने किया था। खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आज इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। मीटिंग दोपहर में चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में होगी। इसमें डल्लेवाल के संघर्ष को समर्थन देने का ऐलान हो सकता है। इसके बाद शाम 7 बजे गवर्नर से मिलने का प्रोग्राम है। पहले यह मीटिंग 24 दिसंबर को रखी गई थी, लेकिन किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मीटिंग का समय बदला गया है। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला की अगुआई में पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक अदित्य देवीलाल एवं अर्जुन चौटाला, महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं पार्टी सचिव नच्छतर सिंह मल्हान समेत दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से किसानों की मांगे पूरी करने और हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर खुलवाने के लिए मांग पत्र दिया।

## शाह के बयान पर संसद में विपक्ष का हंगामा

● खरगे ने मांगा गृह मंत्री का इस्तीफा

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार 17 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा में खूब गरजे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि अभी एक फैशन हो गया है, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर..., इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता। अमित शाह के इस बयान पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भड़क गए। उन्होंने बीजेपी (बीजेपी) और आरएसएस (आरएसएस) पर हमला किया। संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। मनुस्मृति और आरएसएस की उनकी विचारधारा से यह स्पष्ट होता है कि वह बाबा साहब अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते।

## केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस ने लगाया धरना



● सड़क से सदन तक सरकार को घेरेंगे: डोटासरा

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** कांग्रेस का देशव्यापी धरना-प्रदर्शन बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जयपुर में शुरू हुआ। केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, अदाणी पर अमेरिका की अदालत में लगे भ्रष्टाचार के आरोप, पूंजीपतियों को संरक्षण देने व मणिपुर में बढ़ती हिंसा के विरोध में यह आंदोलन देश के सभी राज्यों में चल रहा है। जयपुर में पैदल मार्च, राजभवन का घेराव भी होगा। इस आंदोलन में लंबे समय बाद पूर्व सीएम अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट एक साथ नजर आ रहे हैं। धरना-प्रदर्शन में बुधवार सुबह से ही कांग्रेस के नेता शहीद स्मारक पर जुटने शुरू हो गए थे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, पूर्व मंत्री गोविंद मेघवाल, प्रताप सिंह खाचरियावास, शकुंतला रावत, विधायक (नीमकाथाना) सुरेश मोदी तमाम नेता इसमें शामिल हो रहे हैं। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा था कि कांग्रेस इन मामलों को लेकर चुप नहीं बैठेगी। सढ़क से संसद तक सरकार का घेराव करेंगे। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों को धरना-प्रदर्शन करने का टास्क दिया था। अडाणी मामले में जेपीसी गठित करने की विपक्ष लंबे समय से मांग कर रहा है। किशनगढ़ से कांग्रेस विधायक विकास चौधरी ने कहा- केंद्र सरकार ने जनता के हितों पर कुठाराघात किया है। केंद्र ने सब कुछ अडाणी को देने की ठान रखी है। इसके लिए नियम ताक पर रख दिए गए हैं। मणिपुर लंबे समय से जल रहा है, लेकिन केंद्र सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है।

## ट्रक की टक्कर से कॉन्स्टेबल की मौत

● खाना खाकर लौट रहे पुलिसकर्मी को लिया चपेट में

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** जयपुर के बस्सी थाने में ट्रक की टक्कर से एक कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। कॉन्स्टेबल अतर सिंह थाने की पीसीआर जीप में तैनात थे। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर भी घायल हो गया। मामला थाने के राजाधोक टोल प्लाजा के पास रात करीब साढ़े 12 बजे का है। सात दिन में ये तीसरा बड़ा हादसा है, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। बस्सी थाना अधिकारी ने बताया कि थाने की पीसीआर राजाधोक टोल प्लाजा पर खड़ी थी। इसमें एक हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल अतर सिंह की ड्यूटी थी। अतर सिंह पीसीआर के ड्राइवर थे। दोनों रात में टोल के पास ही एक ढाबे पर खाना खाने के बाद पीसीआर की तरफ जा रहे थे। हेड कॉन्स्टेबल जीप में पहले ही बैठ चुका था। इसी दौरान पीसीआर के पास पहुंचते ही जयपुर से भरतपुर की तरफ जा रहे ट्रक ने अतर सिंह को टक्कर मार दी। अतर सिंह को टक्कर लगने के बाद ट्रक ड्राइवर ने पीसीआर को भी चपेट में ले लिया। ट्रक इतना स्पीड में था कि वहां खड़े दो और गाड़ियों को उसने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर बस्सी थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा। हादसे में ट्रक के आगे का पूरा हिस्सा बिखर गया। वहीं अतर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर भी गंभीर घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर को बाहर निकाला और एसएमएस हॉस्पिटल भर्ती करवाया। इधर, घटना के बाद पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है।


## गहलोत के करीबी नेता के घर जीएसटी का छापा

**डूंगरपुर (जनमार्ग न्यूज)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी नेता दिनेश खोड़निया के घर और ऑफिस पर सेंट्रल जीएसटी की टीम ने छापा मारा है। खोड़निया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी(एआईसीसी) के सदस्य भी हैं। जीएसटी अधिकारियों को कार्रवाई में क्या मिला, इसका पता नहीं चल सका है। छापे के बाद खोड़निया ने कहा कि कांग्रेस के कई लोग भाजपा से मिले हुए हैं। वे कई तरह की शिकायतें करते रहते हैं। खोड़निया का रियल एस्टेट और ज्वेलरी से जुड़ा कारोबार है। जानकारी के मुताबिक, सेंट्रल जीएसटी के उदयपुर आयुक्त की गाड़ी में अधिकारियों की टीम मंगलवार शाम के समय सागवाड़ा पहुंची थी। टीम ने एआईसीसी मेंबर दिनेश खोड़निया के सुरभि मॉल में स्थित उनके ऑफिस पर छापेमारी की। कार्रवाई के समय खोड़निया सागवाड़ा में नहीं थे। वे जयपुर में थे। जीएसटी के अधिकारियों ने परिवार के लोगों की मौजूदगी में जांच की। सेंट्रल जीएसटी की टीम ने इस दौरान खोड़निया के कारोबार से जुड़ी फाइलें और उनमें जीएसटी को लेकर नियमों की जांच की।

## गहलोत सरकार के फैसले पर 2 विभागों को ऐतराज

● महिला एएसआई के 1000 पदों पर अलग से नहीं होगी भर्ती

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में महिला एएसआई के 1000 पदों पर अब अलग से कोई भर्ती नहीं होगी, न ही महिला एएसआई का अलग से कैडर बनाया जाएगा। गृह विभाग ने गहलोत सरकार की दो साल पुरानी उस बजट घोषणा को अव्यवहारिक बताया है, जिसमें महिलाओं का अलग कैडर बनाकर महिला एएसआई के 1000 पदों का प्रावधान किया था। मुख्यमंत्री को भेजी आपत्ति में कहा है कि इस बजट घोषणा की क्रियान्विति नहीं हो सकती है। इसलिए, इसको डीलिट किया जाना प्रस्तावित है। इसमें कार्मिक एवं विधि विभाग की राय भी भेजी है, जिन्होंने ऐसे कैडर को नियमानुसार उचित नहीं ठहराया है। चौंकाने वाला यह है कि 2022 में गृह विभाग ने ही यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था और तत्कालीन सीएम ने बजट में इसकी घोषणा की थी। तत्कालीन सीएम गहलोत ने विधानसभा में विनियोग विधेयक पर जवाब देते हुए कहा, महिलाओं की उपस्थिति थानों में और अधिक बढ़ने के दृष्टिगत महिला एएसआई का कैडर गठित कर इनमें से 1000 पद महिला एएसआई के लिए निर्धारित किए जाने की घोषणा करता हूं। राज्य सरकार ने पुलिस भर्तियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण पहले से दिया हुआ है, जो भाजपा सरकार ने बढ़ा कर अब 33 प्रतिशत कर दिया है। विधि विभाग का तर्क था कि किसी एक श्रेणी में एक हजार पदों को रिजर्व करने से लिटिगेशन के मामले बढ़ जाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रिटायर्ड डीएसपी के घर में आग

**कठुआ (जनमार्ग न्यूज)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में मंगलवार देर रात रिटायर्ड डीएसपी के घर में आग लग गई। इससे 2 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 4 लोग घायल है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिटायर्ड डीएसपी परिवार समेत घर में रह रहे थे। घर में कुल 10 लोग थे। मंगलवार रात करीब 12 बजे मकान के एक कमरे में लैंप में शॉर्ट सर्किट के जरिए आग लगी, जो तेजी से घर के दूसरे कमरों में भी फैल गई।

## रीट के आवेदन फॉर्म में लेटेस्ट फोटो लगाना जरूरी

जनमार्ग न्यूज

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से होने वाली रीट-2024 के लिए आवेदन सोमवार से शुरू हो गए है। आगामी 27 फरवरी को होने वाली इस परीक्षा के आवेदन फॉर्म में अभ्यर्थियों को लेटेस्ट फोटो लगाना अनिवार्य होगा। बोर्ड की ओर से जारी निर्देश में स्पष्ट है कि जैसा फोटो लगाया गया है, वैसा दिखने पर ही एग्जाम सेंटर में प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड ने एक गाइड लाइन जारी की है। जिसके अनुसार रीट परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय पर ही बनाए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में हॉस्टल भी नहीं होगा। वहीं मुख्य सचिव सुधाशु पंत ने मंगलवार को आदेश जारी कर रीट के लिए जिला स्तर पर कमेटियों का गठन किया है। इसमें जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। कुल 10 सदस्य होंगे।

## लोकेश शर्मा को जान का खतरा

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान के चर्चित फोन टैपिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने अपनी और अपने परिवार की जान को खतरा बताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस मामले में सच्चाई सामने लाने के कारण उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। शर्मा ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है और कहा है कि अब उन्हें और उनके परिवार को गंभीर खतरा महसूस हो रहा है। गौरतलब है कि लोकेश शर्मा ने बीते दिनों पटियाला हाउस कोर्ट में आवेदन देकर फोन टैपिंग मामले में खुद के सरकारी गवाह बनाने की अपील की है। उनका कहना है कि वो सच्चाई को सबूतों के साथ अदालत और जनता के सामने लाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि फोन टैपिंग मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर उन्होंने मीडिया में ऑडियो क्लिप्स प्रसारित करने को दिए थे। शर्मा ने यह भी बताया कि सच्चाई उजागर करने के बाद से उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

## महाकुंभ के लिए बीकानेर सहित 10 शहरों से चलेंगी स्पेशल ट्रेन

● हर दिन 50 हजार श्रद्धालुओं के जाने की संभावना

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान के तीर्थ यात्रियों को महाकुंभ तक लेकर जाने के लिए रेलवे की तैयारी जोरों पर है। रेलवे बोर्ड ने राजस्थान के जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा सहित 10 शहरों से स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। अनुमान है कि महाकुंभ में करीब 50 हजार यात्री हर रोज राजस्थान से प्रयागराज पहुंच सकते हैं। ये ट्रेन जनवरी से संचालित की जाएंगी और सभी ट्रेनों के 4 से 10 ट्रिप होंगे। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश पर उत्तर-पश्चिम सहित विभिन्न जोनल रेलवे के ऑपरेटिंग, कॉमर्शियल और मैकेनिकल विभाग ने बैठकें शुरू कर दी हैं। वहीं रेलवे बोर्ड को कुंभ स्पेशल ट्रेनों के लिए प्रस्ताव भेजने शुरू कर दिए हैं। उत्तर-पश्चिम रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेन का प्रस्ताव भेजा है, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। बस इसकी आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। रेलवे के ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट आशीष पुरोहित के अनुसार उत्तर-पश्चिम रेलवे ने पहली ट्रेन उदयपुर-धनबाद वाया जयपुर-बांदीकुई-भरतपुर-आगरा और दूसरी ट्रेन बाड़मेर-बरौनी वाया जोधपुर-जयपुर-बांदीकुई-आगरा चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। ये दोनों ट्रेनें 4-4 ट्रिप में चलेंगी और इन्हें जनवरी में संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न रेलवे ने भी जिन ट्रेनों का प्रस्ताव भेजा है, उनमें से करीब 10 ट्रेन वाया जयपुर चलाई जाएंगी। इनमें साबरमती-बनारस, राजकोट-बनारस, भावनगर-बनारस, वेरावल-बनारस सहित अन्य ट्रेन शामिल हैं। वहीं नॉर्थ सेंट्रल रेलवे की भी करीब 5 ट्रेन वाया जयपुर संचालित होंगी। सभी ट्रेनों की 4 से 10 ट्रिप जनवरी में चलाई जाएंगी। रेलवे के अलावा स्थानीय स्तर पर भी महाकुंभ में लोगों को लेकर जाने की तैयारी की जा रही है। कई राजनेता अपनी विधानसभा व लोकसभा से श्रद्धालुओं को अपने खर्च और संसाधन से महाकुंभ लेकर जा रहे हैं। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य भी कुंभ में अपने क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था करवा रहे हैं।

## कटी नाक लेकर हॉस्पिटल पहुंची महिला

जनमार्ग न्यूज



**पाली।** प्लॉट विवाद में एक 40 साल के महिला की उसके भतीजे और अन्य रिश्तेदारों ने मारपीट कर नाक काट दी। गंभीर हालत में महिला को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां कटी नाक भी महिला के परिजन साथ लेकर आए। सर्जरी की आवश्यकता के चलते महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार जालोर जिले के मोकणी गांव (सायला) में 40 साल की कूकीदेवी पत्नी लाखाराम का पीहर है। पिछले कुछ समय से वह अपने पीहर में ही रह रही थी। गांव के एक भूखंड को लेकर उसका अपने रिश्ते के भतीजे, काका से विवाद चल रहा था। मंगलवार दोपहर को प्लॉट पर वह अपने बेटे, भाभी के साथ कई। इस दौरान उसके भतीजे, काका और अन्य रिश्तेदार आए और उन पर हमला कर दिया। इस दौरान कूकीदेवी का मोकणी निवासी ओमप्रकाश (30) पुत्र हराराम भील ने चाकू से नाक काट दिया। आरोपी रिश्ते में घायल महिला का भतीजा लगता है। घटना के बाद घायल कूकीदेवी को परिजन उपचार के लिए सायला हॉस्पिटल ले गए। जहां से उसे रेफर किया गया। ऐसे में मंगलवार देर शाम को घायल कूकीदेवी को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसका उपचार किया। महिला की कटी नाक सर्जरी से वापस जोड़ा जाएगा। ऐसे में उसे जोधपुर रेफर किया गया। घटना को लेकर घायल महिला के भाई हीकाराम भील ने सायला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083, 76657-85893 पर देवें। E-mail: dainikjanmarg@gmail.com

सम्पादकीय

## मादक पदार्थों का धंधा

राज्य की सरकार भले ही नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री रोकने और इसके खिलाफ अभियान चलाने के दावे करती हो, लेकिन हकीकत यही है कि वहां भारी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में गहरे फंसते गए हैं। पंजाब में बरनाला जिले के एक गांव में नशे के खिलाफ उठी एक आवाज जिस तरह दफ्न कर दी गई, उससे यह साफ है कि नशे के सौदागर अपना कारोबार बचाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। कहा जाता है कि सामाजिक सुधार के अभियान को केवल कानून और पुलिस के दम पर नहीं छोड़ा जा सकता है। इसके लिए समाज को भी आगे आना होगा। इस लिहाज से देखें तो बरनाला जिले के छना गुलाब सिंह वाला गांव के नवनिर्वाचित सरपंच उम्मीद की किरण थे। मगर उनकी हत्या इसलिए कर दी गई कि वे अपने गांव में नशे के खिलाफ मुहिम चला रहे थे। खबर के मुताबिक, हाल में उन्होंने नशे का इंजेक्शन लगा रहे युवाओं रोका भी था। यों भी, मादक पदार्थों के लत में डूबी पीढ़ी को बचाने के लिए समाज को ही सबसे पहले आगे आना होगा। इस नाते युवा सरपंच ने अपनी जिम्मेदारी निभाई थी, लेकिन इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। इससे यह भी पता चलता है कि मादक पदार्थों के दंश को कम करने के प्रति सरकार का रवैया कितना ढीला-ढाला है और उससे उपजी आपराधिक प्रवृत्ति की रोकथाम में वह किस स्तर पर नाकाम है हैरानी की बात है कि एक तरफ सरकार ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन देती रही और दूसरी तरफ नशे का कारोबार फैलता गया। सवाल है कि किसकी सांठगांठ से यह धंधा फल-फूल रहा है? राज्य के सीमावर्ती गांवों और कस्बों में स्थिति बहुत खराब बताई जाती है। योजनाएं बनाने और सिर्फ आश्वासन देने में समय बर्बाद करने के बजाय जरूरत इस बात की थी कि मादक पदार्थों पर पाबंदी लगाई जाती। समाज को भी इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए था, लेकिन किसी के लिए यह कोई जरूरी काम नहीं था। राज्य की सरकार भले ही नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री रोकने और इसके खिलाफ अभियान चलाने के दावे करती हो, लेकिन हकीकत यही है कि वहां भारी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में गहरे फंसते गए हैं।

# मानवता के अग्रदूत बाबा गुरु घासीदास


बाबा गुरु घासीदास ने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश के लिए यात्रा की। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ़, राजनांदगांव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे, वे रावटी में जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

प्रचुर खनिज संपदा और वनों से आच्छादित छत्तीसगढ़ की एक पहचान बाबा गुरु घासीदास से भी है। 18 दिसंबर सन 1756 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौदपुरी गांव में जन्में बाबा घासीदास जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था, उनके पिता का नाम महंगूदास सतनामी एवं माता का नाम अमरौतिन था। निरक्षर होते हुए भी उनमें अलौकिक सत्वज्ञान था। छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को उन्होंने रचनात्मक दिशा प्रदान की। 'मनखे-मनखे एक समान' का सिद्धांत वाक्य प्रतिपादित करने वाले गुरु घासीदास के उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीलता एवं अनुभवजन्य विचारधारा की अनुभूति होती है। उनके जीवन वृतांतों एवं विचारों के परिशीलन करने पर यह सिद्ध है कि बाबा गुरु घासीदास को एक संप्रदाय अथवा पंथ में सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि वे सर्वसमाज के मार्गदर्शक एवं आस्था के व्यक्तित्व है। छत्तीसगढ़वासियों एवं सतनाम के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास बाबा एवं उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र है।

जनश्रुतियों के अनुसार बाबा गुरु घासीदास में अलौकिक शक्ति बाल्यकाल से ही रही है। साधु प्रवृत्ति का यह बालक कालांतर में सतनाम का उन्नायक बना, उन्हें वन्य जीवन से गहरा अनुराग था। उनका विवाह अंचल के प्रसिद्ध बौद्ध पुरातत्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती नामक दंपति की सुपुत्री सफुरा से हुआ था। उन्होंने 40 वर्ष की आयु में गृहस्थ जीवन त्याग दिया। गृहस्थ जीवन के त्याग के बाद सतनाम के मूल आधार 'सत्य' से प्रत्यक्ष साक्षात्कार के लिए वे छातागढ़ पहाड़ पर औंरा-धौरा वृक्ष के नीचे समाधि में ध्यानस्थ हुए। रज एवं तमोगुण से मुक्त सत्ववान घासीदास को सत्य का बोध होने के बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया। कठिन तपस्या के पश्चात बाबा गुरु घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ, इस शक्ति के द्वारा उन्होंने अंचल के जनमानस के रोग एवं शोक का निदान किया।

उन्होंने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश के लिए यात्रा की। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ़, राजनांदगांव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे, वे रावटी में जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों का प्रभाव इतना असरकारी था कि अन्य संप्रदाय एवं समाज के लोग भी उनसे गुरुदीक्षा लेकर उनके शिष्य बनने लगे। कालांतर में सतनाम के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निश्चित किया, वहां गुरुद्वारा का निर्माण कर जैतखंभ स्थापित किया गया। इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। इतिहासकारों के अनुसार बाबा गुरु घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 17 वीं शताब्दी में मानवता का संदेश प्रचारित कर सर्वसमाज में सामाजिक क्रांति का प्रादुर्भाव करने वाले महान संत बाबा गुरु घासीदास के विचार एवं उपदेश 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है, उनके विचारों में जहां पाखंड एवं व्यसनों का निषेध किया गया है वहीं नारी स्वतंत्रता, स्वालंबन तथा समान दर्जा का भाव भी मौजूद है। उनके प्रमुख उपदेशों 'सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री को माता मानो, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो।' के मीमांशा से यह स्पष्ट है कि बाबा गुरु घासीदास के इन सात उपदेशों में भारतीय दर्शन एवं धर्म का सारांश नीहित है। हिंदू एवं जैन धर्माचार्यों ने जहां जीव हत्या, मांसाहार एवं शराब सेवन को वर्जित किया है, वहीं सत्यनाम, मूर्तिपूजा विरोध, जात-पात निषेध, कबीरपंथ के प्रमुख सिद्धांत हैं। इन उपदेशों में 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' का मूलमंत्र भी प्रतिध्वनित होती है। बाबा गुरु घासीदास के संदेशों में जहां एक ओर सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों का प्रतिकार है, वहीं निज अनुशासन, आचरण का भाव भी समाहित है। उनके रावटी में सदियों के अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार से मुक्ति का प्रसंग भी शामिल है। अक्षर ज्ञान न होते हुए भी बाबा गुरु घासीदास के



संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरु घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है।

बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों तथा विषयों में अनुशासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुशासन के उपाय नीहित है, इसीलिए संत गुरु घासीदास के मानवतावादी संदेश को सतनामी समाज ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेश में जब देश व समाज में नैतिक व मानवीय मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश सभी धर्म एवं जाति के लोगों के लिए ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरु घासीदास बाबा को शत-शत नमन।

## छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी संत गुरु घासीदास

संत शिरोमणि गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पी थे। आज भी उनके द्वारा प्रवर्तित सतनाम के सिद्धांत छत्तीसगढ़ के लाखों सतनाम धर्म के अनुयायियों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका जन्म 18 दिसंबर 1756 को छत्तीसगढ़ के रायपुर वर्तमान बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। इनके माता-पिता का नाम महंगूदास और माता अमरौतीन था। गुरु घासीदास ने गिरौदपुरी के छाता पाहाड़ में तपस्या की थी, यही से उन्हें सत्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया था। सत्य से साक्षात्कार करना ही उनके जीवन का परम लक्ष्य था। उन्हें सतनाम धर्म का संस्थापक माना जाता है। उनके संदेशों के कारण ही आज छत्तीसगढ़ के लोगों में स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा एवं सहिष्णुता की भावना से ओत-प्रोत वातावरण दिखाई देता है। सतनाम के सिद्धांत किसी जाति या समुदाय विशेष के लिए नहीं है वह तो मानव मात्र के कल्याण के लिए निमित्त और सार्वभौमिक है।



संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी ने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। उनके सात वचन सतनाम धर्म के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सतनाम पर विश्वास करना, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, पर स्त्रीगमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना हैं। उन्होंने सतनाम अर्थात सत्य से लोगों को साक्षात्कार कराया और सत्य के प्रतीक के रूप में जैतखाम को मान्यता दी।

संत शिरोमणि गुरु घासीदास के द्वारा दिए गए उपदेशों ने समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। जाति व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से समान हैसियत रखता है इसीलिए उन्होंने ''मनखे-मनखे एक बरोबर' (अर्थात मानव मानव एक समान) का संदेश दिया।

संत शिरोमणि गुरु घासीदास के संदेशों और उनकी जीवनी का प्रसार पंथी गीतों व लोक नृत्यों के जरिए भी व्यापक रूप से हुआ। सतनाम धर्मानुयायी लोक कलाकार स्व. देवदास बंजारे ने इस प्रख्यात विधा को पंथी नृत्य और गायन के माध्यम से लगभग चौसठ देशों में अपनी प्रस्तुति देकर सतनाम धर्म का प्रचार-प्रचार किया। इसी लोक विधा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें 'गुरु घासीदास सम्मान' से सम्मानित भी किया है। संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती को उत्सव के रूप में समूचे राज्य में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस उपलक्ष्य में गांव-गांव में मड़ई-मेले का आयोजन होता है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बाबा गुरु घासीदास सम्मान स्थापित किया है। संत गुरु घासीदास स्मृति को अमिट और अक्षुण्ण रखने के लिए रायपुर, छत्तीसगढ़ से करीब 145 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गिरौदपुरी में बाबा जी की जन्म स्थली, तपोस्थली एवं कर्मभूमि गिरौदपुरी, जहां विशाल स्तंभ जैतखाम का निर्माण किया गया है। जैतखाम की ऊंचाई 77 मीटर है, जबकि कुतुब मीनार 72.5 मीटर ऊंची है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल ग्रामों के विकास हेतु अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन मुख्यमंत्री जी के अध्यक्षता में पुनर्गठन किया गया है। जिसके लिए 50 करोड़ 50 लाख रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। जो गत वर्ष की तुलना में 40.2 प्रतिशत अधिक है। अनुसूचित जाति वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास एवं आश्रम की संख्या 486 है, जिसमें 23228 विद्यार्थी अध्ययनरत है। इसी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की संख्या 55 है, जिसमें 1939 विद्यार्थी अध्ययनरत है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए नई दिल्ली में युथ हॉस्टल का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसकी सीटें 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है।

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

# साड़ी पहनने से हो रहा रेयर स्किन कैंसर

**क्या** आपको पता है कि साड़ी पहनने से कैंसर हो सकता है। ये हम नहीं कह रहे हैं। हाल ही में जाने-माने मेडिकल जर्नल 'बीएमजे' में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, पारंपरिक साड़ी में बहुत टाइट नाड़े वाले पेटीकोट से स्किन कैंसर का जोखिम हो सकता है। यह जोखिम पेटीकोट के कारण होता है। इसलिए इसे पेटीकोट कैंसर नाम दिया गया है। इस स्टडी में सामने आया है कि इसका खतरा गांव की महिलाओं को अधिक है, क्योंकि आमतौर पर वे साड़ियां ही पहनती हैं। पेटीकोट का नाड़ा बहुत टाइट रहने से इसका दबाव लगातार कमर पर पड़ता है और रगड़ भी बढ़ती है। इसके कारण रेयर स्किन कैंसर मार्जोलिन अल्सर हो जाता है। मार्जोलिन अल्सर एक अग्रेसिव और रेयर स्किन कैंसर है। यह तेज रगड़ के कारण या जलने के बाद ठीक न होने वाले घावों या निशानों के कारण होता है। यह बहुत धीरे-धीरे बढ़ता है, लेकिन समय के साथ ब्रेन, किडनी, लिवर या लंग्स सहित पूरे शरीर के सभी अंगों में फैल सकता है। पेटीकोट कैंसर क्या है? शरीर के किसी भी हिस्से पर बहुत अधिक प्रेशर पड़ने से वहां खून की आवाजाही पर असर पड़ता है। अगर यह दवाब रोज पड़ रहा है तो उस जगह की स्किन में बदलाव आ सकते हैं। इससे सूजन हो सकती है, निशान बन सकते हैं या घाव हो सकते हैं। यह मार्जोलिन अल्सर में भी बदल सकता है। अगर ये स्थिति पेटीकोट के टाइट नाड़े के कारण बनी है तो इसे पेटीकोट कैंसर कहते हैं। स्टडी के 2 मामलों में क्या सामने आया है पहले मामले में एक 70 वर्षीय महिला की कमर के दाहिने हिस्से में अल्सर विकसित हो गया। जांच में पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर है। उनकी स्किन का रंग फीका पड़ गया था। उनके पेटीकोट के पतले नाड़े ने स्किन को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया, जिसके कारण उन्हें मार्जोलिन अल्सर हो गया। दूसरे मामले में 60 वर्षीय एक महिला लुगदा स्टाइल में साड़ी पहनती थीं। इस पारंपरिक साड़ी के पहनावे में पेटीकोट के बिना साड़ी को सीधे कमर पर बांधा जाता है। उन्हें भी मार्जोलिन अल्सर हो गया, जो



बाद में उनके लिम्फ नोड्स तक फैल गया। पेटीकोट कैंसर के लक्षण पेटीकोट कैंसर का मतलब रेयर स्किन कैंसर मार्जोलिन अल्सर है। जब ये पेटीकोट का नाड़ा बांधने वाली जगह पर विकसित होता है तो इसे पेटीकोट कैंसर कहते हैं। इसलिए मार्जोलिन अल्सर के ज्यादातर लक्षण ही पेटीकोट कैंसर के भी संकेत हैं। मार्जोलिन अल्सर में घाव होने से पहले आमतौर पर स्किन में पपड़ीनुमा उभार दिखाई देता है। इसके कारण स्किन में खुजली, जलन और छाले भी हो सकते हैं। इसके बाद हल्के घाव दिखने लगते हैं, जिनके आसपास कई कठोर गांठें बन जाती हैं। ज्यादातर मामलों में स्किन का रंग भी बदल जाता है। पेटीकोट कैंसर में लंबे समय तक रगड़ और दबाव से सूजन होती है। इसके निशान किसी चोट या ठोकर के कारण आई सूजन जैसे दिखते हैं। आमतौर पर इनमें जलन महसूस होती है। कुछ मामलों में इनमें खुजली महसूस हो सकती है। जब नाड़े के कारण एक ही जगह पर लगातार दबाव पड़ता है तो वहां की स्किन डैमेज होने लगती है। आमतौर पर प्रेशर सोर तब विकसित होते हैं, जब कोई लंबे समय तक बिस्तर पर रहता है और इस बीच हिल-डुल नहीं पाता है। ये घाव हड्डियों के करीब विकसित होते हैं। पेटीकोट में ये घाव कमर की हड्डियों के पास विकसित होते हैं। कमर के आसपास नसों में लगातार दबाव पड़ने से इनमें अल्सर विकसित हो जाते हैं। इस तरह के अल्सर में दर्द, खुजली और सूजन होती है। यह किसी भी आम घाव की तरह होता है। इसमें स्किन की ऊपरी सतह पर दरारें या टूटन सी नजर आती है। इसमें शुरू में स्किन पर टिश्यू ग्रोथ दिखती है। इसके निशान बिल्कुल ऐसे दिखते हैं, जैसे किसी चोट के ठीक होने के बाद निशान पड़ते हैं। अगर नाड़ा बांधने की जगह ऐसा कुछ भी समझ आ रहा है तो इसकी जांच करवाने की जरूरत है। पेटीकोट कैंसर कैसे डाइग्नोस किया जाता है पेटीकोट अल्सर के डाइग्नोसिस के लिए डॉक्टर सबसे पहले मेडिकल हिस्ट्री और घाव होने की वजह पूछ सकते हैं। अगर उन्हें कैंसर का जोखिम नजर आ रहा है तो निम्नलिखित टेस्ट कर सकते हैं। स्किन के डैमेज्ड हिस्से को बायोप्सी के लिए भेज सकते हैं। इसमें कमर के आसपास डैमेज हुई स्किन के हिस्सों को हटा दिया जाता है और इवैल्युएशन के लिए लैब भेजा जाता है। अगर लैब टेस्ट में इस बात की पुष्टि हो जाती है कि यह मार्जोलिन अल्सर है तो अगले टेस्ट में यह पता लगाया जाता है कि शरीर में कितने हिस्से तक कैंसर फैला है। इसके लिए डॉक्टर टेस्ट के लिए कह सकते हैं। पेटीकोट कैंसर का इलाज क्या है? पेटीकोट कैंसर होने पर आमतौर पर मोह्स सर्जरी की जाती है। इसमें डॉक्टर सर्जरी करके स्किन से कैंसर सेल्स को हटा देते हैं। यह सर्जरी कई स्टेज में की जाती है। हर सर्जरी के बाद डॉक्टर स्किन की जांच करते हैं। अगर उन्हें कैंसरस सेल्स दिखती हैं तो फिर से सर्जरी करते हैं। यह प्रक्रिया तब तक चलती है, जब तक कैंसर सेल्स खत्म नहीं हो जाती हैं। कीमोथेरेपी एक तरह का ड्रग ट्रीटमेंट है। इसमें शरीर के अंदर तेजी से बढ़ रही और डिवाइड हो रही सेल्स को मारने के लिए पावरफुल केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। यह कैंसर पेशेंट को दी जाने वाली खास थेरेपी है। इसमें कैंसर सेल्स को मारने के लिए इंटेंस एनर्जी की किरणों का उपयोग किया जाता है। पेटीकोट कैंसर से बचाव के उपाय क्या हैं? पेटीकोट कैंसर का मतलब सिर्फ ये नहीं है कि यह उन महिलाओं को ही होगा, जो पेटीकोट पहनती हैं। यह मार्जोलिन अल्सर है, जो शरीर के किसी भी हिस्से की स्किन में विकसित हो सकता है। हम जो भी कपड़ा पहनें, वह कमर पर हल्के से बंधा होना चाहिए ताकि त्वचा पर दबाव न पड़े। इसके अलावा कभी भी कपड़े बहुत टाइट नहीं पहनने चाहिए। खासतौर पर अंडरगारमेंट्स बिल्कुल टाइट नहीं होने चाहिए। अगर कमर पर लंबे समय से कोई घाव बना हुआ है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। अगर स्किन के रंग में कोई बदलाव दिख रहा है या गांठ महसूस हो रही है तो डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है।

# रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाई: 2025 से रूस के नागरिकों को मुफ्त लगाएंगे

जनमार्ग न्यूज

**मॉस्को।** रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हमने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसकी जानकारी रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने रेडियो पर दी। रूसी न्यूज एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक, इस वैक्सीन को अगले साल से रूस के नागरिकों को फ्री में लगाया जाएगा। डायरेक्टर आंद्रेई ने बताया कि रूस ने कैंसर के खिलाफ अपनी एमआरएनए वैक्सीन विकसित कर ली है। रूस की इस खोज को सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि इससे ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद मिलती है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है। क्या




होती है एमआरएनए वैक्सीन एमआरएनए या मैसेंजर-आरएनए इंसानों के जेनेटिक कोड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमारी सेल्स (कोशिकाओं) में प्रोटीन बनाती है। इसे आसान भाषा में ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो एमआरएनए टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है। इससे हमारे इम्यून सिस्टम को जो जरूरी प्रोटीन चाहिए, वो मिल जाता है और हमारे शरीर में एंटीबॉडी बन जाती है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे कन्वेंशनल वैक्सीन के मुकाबले ज्यादा जल्दी वैक्सीन बन सकती है। इसके साथ ही इससे शरीर की इम्युनिटी भी मजबूत होती है। एमआरएनए टेक्नोलॉजी पर आधारित यह कैंसर की वैक्सीन पहली वैक्सीन है। भारत में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को कैंसर भारत में 2022 में कैंसर के 14.13 लाख नए केस सामने आए थे। इनमें 7.22 लाख महिलाओं में, जबकि 6.91 लाख पुरुषों में कैंसर पाया गया। 2022 में 9.16 लाख मरीजों की कैंसर से मौत हुई।

# किन्नू वैक्सिंग प्लांट की छात्राओं ने गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में जानकारी हासिल की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीगंगानगर द्वारा शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कॉमर्स तथा मैनेजमेंट विभाग की छात्राओं को किन्नू वैक्सिंग प्लांट इमामी एग्रो फूड्स का शैक्षणिक व औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। छात्राओं ने वैक्सिंग प्लांट की विभिन्न प्रक्रियाओं को करीब से देखा तथा समझा। प्लांट के अधिकारियों ने उन्हें कच्चे माल की जांच, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा वितरण प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्राओं ने प्रबंधन तथा उत्पादन संचालन के व्यावहारिक पहलुओं पर भी सवाल पूछे तथा अधिकारियों के अनुभवों से महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की।



कॉमर्स तथा मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निक्की शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक व औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते हैं। इस मौके पर भ्रमण दल में शामिल महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा, प्राचार्या डॉ. पंकज लता, बीबीए विभागाध्यक्ष प्रो. निशा कक्कड़, प्रो. श्वेता पालोर, प्रो. सौरभ सेतिया, डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रो. चारू मित्तल, प्रो. पायल टांटिया ने भी छात्राओं को औद्योगिक प्रक्रियाओं की वास्तविक जानकारी देने के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान से अवगत करवाया। छात्राओं ने इस दौरे को अत्यंत शिक्षाप्रद तथा प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उनके ज्ञान में काफी वृद्धि हुई है तथा बहुत कुछ सीखने को मिला है, जो विद्यार्थी जीवन के पश्चात् भी जीवनभर उनके काम आएगा। इस अवसर पर छात्राओं सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# राजस्थान कराटे टीम इंदौर के लिए रवाना

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** 68 वी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता कराटे राजस्थान के छात्र एवं छात्राओं का चयन स्थानीय विद्यालय खारडा़ रणधीर के तत्वावधान में शालाक्रीड़ा संगम गौशाला मैदान में किया गया प्रधानाचार्य मनमोहन ने बताया कि 11,12 दिसम्बर को चयन परीक्षण तथा 13 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । प्रशिक्षण के दौरान सुमित्रा पंवार उपजिला शिक्षा अधिकारी शाला क्रीड़ा संगम,तथा राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष श्री हापूराम चौधरी एवं बीकानेर निदेशालय माध्यमिक शिक्षा



से नियुक्त सीमा यादव, परितोष भावसार, रेखा शर्मा का विशेष सहयोग रहा । दलाधिपति मोहनलाल बिश्नोई ,देवेंद्रसिंह शा शि स्थानीय विद्यालय के श्याम सिंह बाबल, लक्ष्मी बिश्नोई ,रेणुका तथा स्थानीय स्टाफ़ के सहयोग से कार्य संपन्न हुआ ।राजस्थान कराटे टीम इन्दौर मध्यप्रदेश में 20 दिसंबर से 24 दिसम्बर तक राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता आयोजित होगी।

**जनमार्ग पढ़ें ताजा खबरें, ज्यादा खबरें**

# पूरे शहर में नालियों, रैम्पो पर अतिक्रमण, प्रशासन ध्यान दे

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** गंगानगर शहर में नालियों पर रैम्पो के अतिक्रमण 5 से 7 फीट आगे तक बढ़ गया है और सड़के छोटी 10 ये12 फीट छोटी हो गई है जिससे नगर परिषद के कर्मचारी नालियों की सफाई अच्छे ढंग से नहीं कर पाते है जिसका नतीजा शहर में थोड़ी सी बरसात के बाद नजर आता है और विशेष तौर पर ब्लॉक एरिया, विनोबा बस्ती में ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है भाजपा जिला प्रवक्ता पवन शर्मा ने कहा कि चांडक कोठी रोड पर एल एंड टी का काम चल रहा है इसलिए लोगों को चांडक कोठी के पीछे गलियों में से या हनुमान मंदिर रोड या राधेश्याम कोठी रोड से हो कर आना जाना पड़ रहा है लेकिन इन 5 से 7 फीट के रैम्प, और उसकी आड में खड़ी कारे 30 फीट की सड़क को 12 - 15 फीट कम कर रही है मै प्रशासन का ध्यान इस तरफ दिलवाना चाह रहा हूं 5 - 7 वर्ष पूर्व कि स्वर्गीय श्री जोशी जी ने इस समस्या से निपटने के लिए हाई कोर्ट से ऑर्डर करवा के लोगों की चारदीवारी तुड़वा कर नालियों को 6 फीट पीछे करवाने , एवं इन रैम्पो को पीछे करवाने के आदेश नगर परिषद को दिलवाए लेकिन उनके जीते जी एवं उनके मरणोपरांत इस गंगानगर की गंभीर अव्यवस्था को दूर नहीं किया। आज गंगानगर के नगर परिषद को पानी की अच्छी निकासी के लिए इन बड़े बड़े रैम्पों को तोड़ना होगा लोगों के अपने रैम्प थड़े के पीछे से चालू करके केवल घर के गेट सामने नाली को ढकने के लिए 2 फीट तक रैम्प की एक सख्त व्यवस्था करनी होगी बड़े गेटों के रैम्पो में नाली साफ करने के लिए बीच में जगह छोड़नी आवश्यक रखनी होगी ताकि नगर परिषद के कर्मचारी का बेलचा अच्छी तरह उसके नीचे से साफ कर सके ताकि बरसात में पानी की निकासी अच्छे ढंग से हो जाए एवं ट्रैफिक पुलिस को इस चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लोगों को कारों को अपने घर के थेड़ी के अंदर रखने के लिए कुछ सख्त एक्शन लेने की जरूरत है छोटी गालियों में तो इन दोनों कारणों से कभी आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ी या एम्बुलेंस भी नहीं जा सकती ।अतः प्रशासन को गंगानगर के विकास के लिए सख्त कदम उठाने होंगे ताकि शहर की इन दोनों प्रमुख समस्याओं से छुटकारा मिल सके।



## पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन, रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान

### जहां-तहां रोकी गईं कई ट्रेनें, यात्री परेशान

**चंडीगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** किसान आंदोलन के दो गैर राजनीतिक संगठन केएमएम और एसकेएम बुधवार को 12 बजे रेलवे ट्रैक पर उतर आए। आने-जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया। सैकड़ों किसानों के रेल की पटरी पर बैठने से उस रूट की सभी ट्रेनों को जहां-तहां रोक दिया गया। पंजाब के कई इलाकों में ट्रेन संचानल बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान संगठनों ने पहले ही 12 बजे से 3 बजे तक तीन घंटे का रेल रोको आंदोलन करने का ऐलान किया था।

**ये ट्रेनें प्रभावित, कुछ का बदला रूट**

रेल रोको आंदोलन से दिल्ली-जम्मू, दिल्ली-अमृतसर, दिल्ली-जालंधर और दिल्ली-फिरोजपुर जैसी महत्वपूर्ण रेलवे लाइनों पर रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय रेलवे ने हालात देखते हुए कुछ ट्रेनों का रूट बदला है।

**बढ़ रहा किसान आंदोलन**

सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह खनौरी बॉर्डर पहुंचे और उनके साथ कई पंजाबी गायक और कई महान हस्तियां पहुंची। सिंह ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंगलवार को जन आंदोलन में लाखों किसान, मजदूर, युवा शामिल। हमें उम्मीद है कि यह मोर्चा जीत की ओर बढ़ेगा। ये रेल रोको आंदोलन बाकी सभी रेल रोको आंदोलनों से बड़ा होगा।

**पंजाब के हर फाटक पर ट्रैक जाम**

किसान नेता सरवन सिंह ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन पर बैठे 22 दिन पूरे हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने अभी तक किसानों से बात नहीं की है। मोदी सरकार किसानों के मुद्दों को डीरेल करना चाहती है। पंजाब में जहां भी रेल के फाटक है, वहां किसानों ने चक्का जाम करके ट्रेनों को रोका।

# भवन निर्माण राज मिस्त्री मजदूर संघ तथा श्रीगंगानगर भवन निर्माण मजदूर संघ ने तीन दिवसीय हड़ताल का बहिष्कार किया

### ❑ बैठक में नये एग्रीमेंट में मजदूरी दरें बढ़ाने का निर्णय ❑ मजदूरों का हक मजदूरों को अवश्य मिलेगा : ताराचंद माहर



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** भवन निर्माण राज मिस्त्री मजदूर संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ तथा श्रीगंगानगर भवन निर्माण मजदूर संघ की महत्वपूर्ण बैठक चहल चौक के समीप स्थित कुम्हार धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जय सिंह ठेकेदार ने की। इस बैठक में श्रमिकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं, मजदूरी दरों में बढ़ोतरी तथा सीटू संगठन द्वारा प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को भवन निर्माण राज मिस्त्री मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष ताराचंद माहर तथा श्रीगंगानगर भवन निर्माण मजदूर संघ अध्यक्ष परमजीत सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूरों को उनका हक अवश्य मिलेगा।

बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् मजदूरी दरों के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि नये एग्रीमेंट में मजदूरी दरें बढ़ाकर श्रमिकों को बढ़ी हुई दरों से भुगतान किया जाएगा। इसलिए 21 से 23 दिसम्बर, 2024 तक होने वाली सीटू की हड़ताल का कोई औचित्य नहीं है। लगातार तीन दिन तक हड़ताल पर रहने से श्रमिकों को भारी आर्थिक नुकसान होगा, इसलिए भवन निर्माण राज मिस्त्री मजदूर संघ तथा श्रीगंगानगर भवन निर्माण मजदूर संघ के श्रमिक हड़ताल में शामिल नहीं होंगे। इसके साथ-साथ यह भी निर्णय लिया गया कि जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक तथा श्रम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की जाएगी कि किसी भी संगठन द्वारा हड़ताल अवधि के दौरान श्रमिकों को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाए, जबरदस्ती हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाए तथा कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सीटू संगठन द्वारा श्रमिकों के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार तथा झगड़ा किया जाता है तो इसका कड़ा विरोध दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेवारी सीटू संगठन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा श्रम विभाग की होगी। इस अवसर पर भवन निर्माण राज मिस्त्री मजदूर संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष ताराचन्द माहर, श्रीगंगानगर भवन निर्माण मजदूर संघ अध्यक्ष परमजीत सिंह, जयसिंह ठेकेदार, महामंत्री लालचन्द जलंधरा, कोषाध्यक्ष मदनलाल बरावड़, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह ठेकेदार, उपाध्यक्ष महावीर माहर, उपाध्यक्ष राजू रामगढि?ा, उपाध्यक्ष इन्द्राज सोखल, उपाध्यक्ष सुखा रामगढि?ा, उपाध्यक्ष देवीलाल चांवरिया सहित भवन निर्माण राज मिस्त्री मजदूर संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ तथा श्रीगंगानगर भवन निर्माण मजदूर संघ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## बांग्लार बारी योजना: घर बनाने के लिए मिलेंगे 1.2 लाख रुपये, जानिए किसे मिलेगा फायदा और क्या है योग्यता

**नई दिल्ली ( जनमार्ग न्यूज )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को %बांग्लार बारी% योजना की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि राज्य द्वारा कराए गए सर्वे में %बांग्लार बारी% योजना के लिए 28 लाख से ज्यादा वास्तविक लाभार्थियों की पहचान की गई है। इन लाभार्थियों को अगले दिसंबर तक 1.2 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार को पहली किस्त के रूप में 12 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 60,000 रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। इस योजना का लाभ किसे मिल सकता है और इसके लिए क्या-क्या शर्तें हैं, आइए डिटेल में जानते हैं।

## अपना घर आश्रम में स्व. श्रीमती रीता रानी चुघ की चतुर्थ पुण्य स्मृति पर प्रभुजनों को भोजन खिलाया



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** 'नर सेवा-नारायण सेवा' प्रकल्प के तहत अपना घर आश्रम में बुधवार को सेवा कार्य का आयोजन किया गया। स्व. श्रीमती रीता रानी चुघ की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके पति जुगल किशोर चुघ, सुपुत्र विकास चुघ एडवोकेट, श्रीमती रेखा रानी, अंकित चुघ, रीमा गेरा, नरेश गेरा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय चावला एडवोकेट, महावीर मिड्ढा एडवोकेट, दीपक सेतिया एडवोकेट आदि परिजनों व परिचितों द्वारा अपना घर आश्रम पठानवाला में प्रभुजनों को प्रेमपूर्वक भोजन खिलाया गया तथा प्रभुजनों के साथ सार्थक समय व्यतीत करते हुए उनके शीघ्र परिवार से मिलने की कामना की गई। अपना घर आश्रम के सेवाभावी सदस्यों तथा प्रभुजनों ने इस सेवा कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की तथा परिजनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि स्व. श्रीमती रीता रानी चुघ द्वारा परिवार में दिए गए सेवा के संस्कार सबके लिए एक मिसाल है। इस अवसर पर परिजनों सहित अपना घर आश्रम के सेवाभावी सदस्य एवं प्रभुजन उपस्थित थे।

## सांसद राजकुमार रोत का मिशन भील प्रदेश, जानें क्यों बढ़ने लगी चर्चा



**जयपुर ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान में अलग से भील प्रदेश की मांग को लेकर मुद्दा गर्माता जा रहा है। इस मुद्दे को बांसवाड़ा के सांसद राजकुमार रोत लगातार हवा दे रहे हैं। उन्होंने भील प्रदेश की मांग को लेकर लोकसभा में नियम 377 के अधीन सूचना हवाला देते हुए इस पर चर्चा करने की मांग उठाई है। वहीं राजकुमार रोत ने बीते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात में इस मुद्दे को उठाया था। इधर, भील प्रदेश की मांग को लेकर सियासी गलियारों में जमकर हलचल मची हुई है।

**भील प्रदेश की मांग को लेकर लोकसभा में चर्चा की जाए:** बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत लगातार राजस्थान में अलग से भील प्रदेश के गठन को लेकर मांग उठा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने लोकसभा में धारा 377 का हवाला देते हुए शीतकालीन सत्र में भील प्रदेश के गठन पर चर्चा करने की मांग उठाई है। बीते दिनों गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात में भी रोत ने भील प्रदेश के गठन का मुद्दा उठाया था। इसमें उन्होंने पांचवी और छठी अनुसूची के प्रावधान को लागू करने और आदिवासियों से जुड़े मुद्दे के बारे में बात की।

**10 जिलों और तीन राज्यों को शामिल करने की मांग:** भील प्रदेश की मांग को लेकर राजकुमार रोत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के जिलों को इसमें शामिल करने की मांग की है। इनमें राजस्थान के डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, पाली, चित्तौड़गढ़, कोटा और बांरा जिले के हिस्सों को शामिल कर गठन किया जाए। इसके अलावा उन्होंने गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों को भी भील प्रदेश के लिए गिनाया है।

**आदिवासियों की विशिष्ट पहचान खत्म हुई है:** सांसद राजकुमार रोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्र शेयर किया। इसमें लिखा कि कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के भील समुदाय की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है। आजादी के बाद समान संस्कृति पहचान वाले क्षेत्र को विभिन्न राज्यों में विभाजित कर दिया।

## लखनऊ में विधानसभा के सामने कांग्रेसियों का जबरदस्त प्रदर्शन



### पुलिस ने कई नेताओं को लिया हिरासत में

**नई दिल्ली ( जनमार्ग न्यूज )।** कांग्रेस ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान आज विधान भवन के घेराव की घोषणा की थी। विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं को लखनऊ बुलाया गया था। कांग्रेसियों ने लखनऊ में प्रदर्शन शुरू किया तो पुलिस ने भी गिरफ्तारी शुरू कर दी। कांग्रेस की विधान भवन के घेराव की घोषणा के बाद से ही प्रशासन व पुलिस सतर्क हो गई थी।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के बाहर व आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं, बैरीकेडिंग भी लगाई गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का आरोप है कि सरकार पुलिस के माध्यम से कार्यकर्ताओं को डरा-धमका कर रोकने का प्रयास कर रही है।

पार्टी मुख्यालय के बाहर पुलिस ने नुकीली बैरीकेडिंग कार्यकर्ताओं की हत्या की साजिश के तहत लगाई गई है। कार्यकर्ताओं की जान लेने के लिए ऐसी बैरीकेडिंग लगाई गई है।

## भारत ज्यादा ही टैक्स ले रहा है... अमेरिका में शपथ से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने दिखाई आंख



**वॉशिंगटन ( जनमार्ग न्यूज )।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पारस्परिक कर (रेसिप्रोकल टैक्स ) लगाने का इरादा जाहिर किया है। ट्रंप ने बुधवार को इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि अगर वो हम पर भारी टैक्स लगाते हैं, तो हम भी उन पर उतना ही टैक्स लगा सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि अभी तक वो टैक्स लगा रहे हैं लेकिन हम ऐसा नहीं कर रहे हैं। ट्रंप का ये बयान उनके राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से कुछ दिन पहले आया है। ट्रंप इससे पहले भी भारत की टैरिफ किंग कह कर आलोचना कर चुके हैं। ट्रंप ने हाल ही में ब्रिक्स देशों को अमेरिकी डॉलर के अलावा किसी भी मुद्रा का समर्थन करने पर उनके निर्यात पर 100 प्रतिशत कर लगाने की चेतावनी दी थी।

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि टैक्स के मामले में रेसिप्रोकल टैक्स महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर कोई हम पर शुल्क लगाता है तो हमें भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत, चीन, ब्राजील जैसे कई देश बहुत अधिक शुल्क ले रहे हैं। अगर वे अमेरिका पर शुल्क लगाना चाहते हैं तो ठीक है लेकिन हम उनसे भी वही शुल्क लेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के अलावा कनाडा को भी हाल ही में चेतावनी दी है कि अगर वे अमेरिका में ड्रग्स और अवैध अप्रवासियों की एंट्री नहीं रोकते हैं, तो उन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाएंगे।

**पहले कार्यकाल में भी लगाए थे टैरिफ**

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी भारतीय स्टील और एल्यूमीनियम पर उच्च टैरिफ लगाए थे। इससे बादाम और सेब जैसे अमेरिकी उत्पादों पर भारत ने जवाबी शुल्क लगाया था। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर ट्रंप फिर से भारत को निशाना बनाते हैं तो इसी तरह के व्यापारिक तनाव पैदा हो सकते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अजय श्रीवास्तव ने टीओआई से कहा है कि ट्रंप की पारस्परिक व्यापार नीति के तहत ऑटोमोबाइल, कपड़ा और फार्मास्युटिकल्स क्षेत्रों को उच्च टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है।

श्रीराम म्यूचुअल फंड के एक विश्लेषण के अनुसार, अमेरिकी ट्रंप की प्रस्तावित टैरिफ नीतियों के कारण होने वाले व्यापार व्यवधानों से भारत को निर्यात अवसरों का लाभ भी मिल सकता है। चीन, मेक्सिको और कनाडा जैसे प्रमुख व्यापारिक भागीदारों पर ट्रंप के टैरिफ व्यापार प्रवाह को बदल सकते हैं। इससे भारत के लिए अवसर पैदा होंगे। रेसिप्रोकल यानी पारस्परिक टैरिफ को एक ऐसी नीति के रूप में समझा जा सकता है, जहां देश समान वस्तुओं पर अपने व्यापारिक भागीदारों के समान टैरिफ बढ़ाते हैं।

## सऊदी अरब को तेल के कुएं में मिला नया खजाना, पहली बार निकाला सफेद सोना

### मालामाल होगा मक्का-मदीना का देश

**रियाद ( जनमार्ग न्यूज )।** तेल के भंडार से मालामाल सऊदी अरब के लिए बहुत अच्छी खबर है। सऊदी अरब को अब आधुनिक तेल भी मिल गया है। जी हां, सऊदी अरब ने अपने समुद्री इलाके में तेल क्षेत्र से पहली बार लिथियम निकालने में बड़ी सफलता हासिल की है। सऊदी अरब की विशाल तेल कंपनी अरामको के तेल क्षेत्र से पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह लर्थियम निकाला गया है। अब सऊदी अरब की योजना व्यवसायिक पायलट प्रोग्राम चलाने की है ताकि सीधे लिथियम को निकाला जा सके। सऊदी अरब के उप खनन मंत्री ने अपनी योजना का ऐलान किया है। लिथियम को आधुनिक तेल और कीमती होने की वजह से सफेद सोना भी कहा जाता है। इससे इलेक्ट्रिक गाड़ियों से लेकर स्मार्टफोन तक की बैट्रियां बनाई जा रही हैं। दुनिया में इसकी भारी डिमांड है। सऊदी अरब के किंग अब्दुल्ला यूनिविर्सटी फॉर साइंस एंड टेक्नालजी के स्टार्टअप लिथियम इनफिनटी इस लिथियम को निकालने के प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगा। इसमें सऊदी खनन कंपनी मादेन और अरामको सहयोग कर रही हैं। सऊदी मंत्री ने बताया कि वे लिथियम को एक नई तकनीक की मदद से निकाल रहे हैं जिसे किंग अब्दुल्ला यूनिवर्सिटी ने विकसित किया है। इससे इस दिशा में प्रगति तेज हो गई है। वे तेल के क्षेत्र में एक व्यवसायिक पायलट प्रोजेक्ट चला रहे हैं जो आगे भी चलता रहेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया में आज जो तेल की स्थिति है, आने वाले 1 दशक में यही हाल लर्थियम का हो सकता है। दुनियाभर के देश जीवाश्म ईंधन से दूर जा रहे हैं। लिथियम की मदद से ही इलेक्ट्रिक कार, लैपटॉप, फोन तथा तमाम अन्य उपकरणों की बैट्री बनाई जा रही है। सऊदी अरब के अलावा यूएई की भी राष्ट्रीय तेल कंपनियों ने अपने तेल क्षेत्र से खनिज निकालने की योजना बनाई है। सऊदी के अलावा दुनिया की अन्य कंपनियां भी उभरती हुई तकनीकों का फायदा उठा रही हैं और उनकी योजना खारे पानी से लिथियम निकालने की है।

# शाबाश ऑफिसर ! ऑफिस में बुजुर्ग शख्स को इंतजार करवाया -बॉस ने स्टाफ को दी अनोखी सजा - मरते दम तक याद रखेंगे

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भारत को बौद्धिक क्षमता का धनी माना जाता है, परंतु भ्रष्टाचार स्वार्थ मलाई कामचोरी व जनता को चकरे खिलाने में माहिर करीब सभी कार्यालयों के अनेकों कर्मचारी अपनी बौद्धिक क्षमता का गलत इस्तेमाल अपने, निजी आरामदायक सुविधाओं के लिए चंद् रूपयों के लिए आम जनता, विशेष रूप से बुजुर्गों को भी अपनी टेबल के चकरे खिलाने में माहिर होते हैं,जो देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते,इसका अनुभव मैंनें स्वयंम नें भी अनेकों शासकीय कार्यालय में चकरे खाकर महसूस किया हूं कि करीब करीब हर अधिकारी चकरे खिलानें में माहिर होता है। हमारा पीएम या पूरा मंत्रिमंडल चाहे कितनी भी बातें भ्रष्टाचार के खिलाज कर लें परंतु जमीनी स्तर पर असर अभी भी कम नहीं हो रहा है। चंद रूपयों याने चाय पानी के लिए टेबल के 10 चकरे खाना ही पड़ता है या फिर मजबूरी से किसी दलाल के थ्रू काम करना पड़ता है जो अत्यंत ही चिंताजनक है,जो हमारे पीएम के सपनों को चकनाचूर करने में लगे हुए हैं। इसलिए इस आर्टिकल के माध्यम से मैं 20 दिसंबर 2024 तक चलने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में एक विधेयक अधिसूचित करने का सुझाव देता हूं जो सीधा ऑफिस के टेबलों के चकरे खिलाने वाले बाबूओं कर्मचारीयों और अधिकारियों अधीक्षकों व सीईओ को द्वारा सीसीटीवी कैमरे में देखकर भी कुछ एक्शन नहीं लेकर मूक दर्शक बने रहते हैं उनके खिलाफ भी सीधे केस दर्ज करवा कर निलंबित कर देने का प्रावधान सहित संपूर्ण आचार संहिता की धाराओं को शामिल कर विधेयक को यदि इस शीत सत्र में पेश करना संभव नहीं हो तो, पूरी तैयारी के साथ अगले वर्ष 2025 के बजट सत्र में पेश किए जाने की सख्त जरूरत है।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 17 दिसंबर 2024 को पूरे सोशल मीडिया में एक क्लिप बहुत ही तीव्र गति से सर्कुलेट हो रही है जिसमें बुजुर्ग कोई फाइल क्लीयर कराने के लिए एक ऑफिस में चकरे काटने पड़ रहे है, पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है इतना तक कि अधीक्षक या सीईओ या बॉस ने सीसीटीवी में देखकर संबंधित कर्मचारियों को हिदायत देने के बावजूद उस बुजुर्ग का काम नहीं हुआ तो बॉस ने पूरे स्टाफ को एक अनोखी सजा दी,जिसका संज्ञान पूरे भारत के शासकीय व निजी अधिकारियों या बॉस ने लेना समय की मांग है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से व उपलब्ध इमेज का प्रयोग करके इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सरकारी कार्यालयों में छोटे-छोटे कामों के लिए कर्मचारियों द्वारा जनता को चकरे लगवाने वाले कर्मचारियों के लिए सजा का अध्यादेश लाना जरूरी है। साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया में 17 दिसंबर 2024 शाम से वायरल एक क्लिप की करें तो, दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के नोएडा से अनोखा मामला सामने आया है। वहां के सीईओ ने कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ा एक्शन लेते हुए आवासीय भूखंड विभाग के स्टाफ को आधे घंटे तक खड़े होकर काम करने का फरमान सुना दिया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वह चैनलों के अनुसार के अनुसार एक बुजुर्ग दंपती अपनी समस्या के समाधान के लिए प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग पहुंचे थे, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद उनका काम नहीं हो सका, जिसके बाद सीईओ ने कर्मचारियों को ये सजा सुनाई।दरअसल, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने अपने ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की स्क्रीन पर बुजुर्ग दंपती को काफी देर तक खड़े देखा तो तुरंत आवासीय भूखंड विभाग को निर्देश दिया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाए, लेकिन उसके बावजूद 15-20 मिनट बाद जब सीईओ ने फिर से सीसीटीवी पर नज़र डाली तो बुजुर्ग दंपति तब भी खड़े दिखे, इस पर नाराज सीईओआवासीय विभाग पहुंचे और कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई।सीईओ नेकर्मचारियों को कहा, जब आप खड़े होकर काम करेंगे तभी बुजुर्गों की परेशानी को समझ पाएंगे। इसके बाद उन्होंने सभी कर्मचारियों को आधे घंटे तक खड़े होकर काम करने का निर्देश दिया। निर्देश के अनुसार, स्टाफ ने खड़े होकर काम किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर हो रही है तारीफ: कर्मचारियों को लापरवाही के लिए दी गई सजा की हर तरफ तारीफ की जा रही है। लोग इस पर अलग-अलग तरह के कमेंट कर रह हैं। कई लोगों की कहना है कि इस तरह असर यदि कर्मचारियों को सजा दें तो कर्मचारी अपने काम के प्रति लापरवाह नहीं रहेंगे। साथियों बात अगर हम बुजुर्गों के लिए एक एक्स्ट्रासिटी के समकक्ष कानून,सूचीगत जातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 2019 के समकक्ष बुजुर्गों के सम्मान के लिए कानून बनाने की करें तो जिस तरह सामाजिक सौहार्दपूर्णता समानता को कायम रखने के लिए एस्ट्रासिटी (अमेंडेड) कानून 2019 बनाया गया है जिसका डर हमेशा उपद्रवी लोगों में बना रहता है या फिर कभी नए फौजदारी अधिनियम 2023 में क्राइम को रोकने अनेक धाराओं का डर लोगों में बना हुआ है उसी तर्ज पर मेरा सुझाव है कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र या फिर अगले महीने 2025 के बजट सत्र में बुजुर्गों के साथ होने वाली क्रूरता दुष्टपरिणाम द्रुव्यवहार अपमान व दुत्कार पर लगाम लगाने के लिए वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार व्यवहार व दुराचार) विधेयक 2024 बनाकर पेश किया जाए जिसे सभी पार्टियाँ एक मत होकर 544/0 मतदान से पारित करेंगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। साथियों बात अगर हम 20 दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाले शीत सत्र या जनवरी 2025 के चौथे सप्ताह से शुरू होने वाले बजट सत्र में प्राथमिकता से इस विधेयक को अधिसूचित करने की करें तो, हम प्रस्तावित कानून में वरिष्ठ नागरिक (कार्यालयों में चकरे खिलाना अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार निवारण) विधेयक 2024 की जरूरत है, हमारा देश महान संतानों की भूमि है,यहां शासकीय व निजी कार्यालयों में बुजुर्गों दिव्यांगों व सामान्य नागरिकों की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन व भ्रष्टाचार के बल पर,अपने परिवार को आरामदायक जिंदगी देने आम नागरिकों को अपने कार्यालय में टेबल के चक्कर काटने के लिए छोड़ देते हैं,जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है।



**संकलनकर्ता लेखक - सर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए( एटीसी ) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

# एमएसपी गारंटी की मांग को लेकर किसानों ने धरना लगाया

## ❑ किसानों ने सामूहिक उपवास रखा, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** एमएसपी गारंटी की मांग को लेकर खनोरी बॉर्डर पर 22 दिनों से आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन व एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे किसानों ने सामूहिक उपवास करके धरना लगाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। किसान नेता ढांबा सरपंच जसपाल सिंह के नेतृत्व में किसानों ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए किसानों को न्याय देने की मांग करते हुए एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, आमरण अनशनकारी किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे सामूहिक उपवास करके राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। किसान नेताओं ने किसानों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करने का ऐलान करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर कन्हैयालाल सोनगरा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। धरना स्थल पर ढांबा झालार सरपंच जसपाल सिंह ने कहा केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वादा करके अपनी बात से मुकर रहे हैं। इनकी दोगली नीति के खिलाफ किसानों का संघर्ष जारी रहेगा, एसपी की गारंटी लागू करवा कर ही किसान घर लौटेंगे। विधायक डूंगर राम गेदर ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए नीतियां बना रही है। देश का किसान एमएसपी की मांग को लेकर कड़कती ठंड में आंदोलन और आमरण अनशन कर रहा है। मोदी सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। 10 साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसपी गारंटी कानून लागू करने का वादा किया था, किसानों पर जुल्म करने वाली सरकार के विरोध में हम हमेशा किसानों, मजदूर और मध्यम वर्ग व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू ने कहा किसान एमएसपी की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और देश के प्रधानमंत्री राजस्थान सरकार के बेकार शासन की खुशियां मनाने में व्यस्त हैं। राजस्थान सरकार किसानों की समस्या का ध्यान नहीं दे रही। मूंगफली और मूंग की खरीद में किसानों को फायदा मिलना तो दूर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एम एस पी गारंटी कानून की मांग के अलावा किसानों की हर समस्या को लेकर संघर्ष किया जाएगा। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया ने कहा भारतीय जनता पार्टी सत्ता के अहंकार में किसान व्यापारी और मजदूर पर अत्याचार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी की सांप्रदायिक नीतियों से देश में हर वर्ग में भय और आतंक का माहौल बना हुआ है। सभी को एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। धरना स्थल पर नरेंद्र पाल सिंह, नवीन बिश्नोई, गगन चीमा, अश्वनी भांभू , सुमित चौधरी, रणदीप सिंह भंगू , पवनदीप सिंह सिद्धूवाला, मांगीलाल बेनीवाल, मलकीत सिंह, जगदीश राहड़, मनदीप सिंह, गुरमीत सिंह, सुरेंद्र भादू , रणवीर सहारण, गोपी राम, रमनदीप सिंह बराड़, सुखदेव सिंह, झंडा सिंह, न्यायिक बार संघ के अध्यक्ष राकेश झोरड़, एडवोकेट राकेश नायक, एडवोकेट सहदेव जोशी, एडवोकेट रिपु दमन सिंह समरा, राजस्व बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट आनंद स्वामी सहित वक्ताओं ने संबोधित किया।




# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों उप तहसील के समक्ष पर दिया धरना



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय उप तहसील के समक्ष मंगलवार को किसान सरदार जगजीत सिंह डललेवाला के समर्थन व किसानों की सभी मांगों को लेकर उप तहसील के आगे केएम एन म व एस के एम के द्वारा दी गई काल को लेकर अनशन पर किसान धरना पर बैठे हैं इन किसानों की मांग एम एसपी की खरीद का गारंटी कानून , किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्ज मुक्ति करने, डब्ल्यू टी ओ समझौते से बाहर आए व अन्य मांगों को लेकर किसान जी के एस चूनावढ ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार सहारन, टहल सिंह संधू प्रवक्ता जी के एस ब्लॉक चुनावढ, राज कर्ण संधू,सुरेंद्र सिंह जी के एस युवा मोर्चा अध्यक्ष चुनावढ, शिशपाल सियाग महासचिव ,लाभ सिंह अध्यक्ष जीजी वितरिका, जगतार सिंह अध्यक्ष डब्ल्यू यू ए 14 जी, जसवंत घणघस, जसपाल सिंह, अजय पाल सिंह हर नारायण सिंह बाबा बलदेव सिंह जोधेवाला सहित अन्य किसान धरना पर मौजूद थे किसानों द्वारा उपतहसील कार्यालय में किसानों का मांग पत्र सौपा गया है।

### भीम आर्मी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रस्ताव कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**ह्यश्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन, श्रीगंगानगर की मीटिंग जिलाध्यक्ष सोहनलाल जनागल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जी ब्लॉक स्थित जिला कार्यालय पर हुई इस बैठक में जिला व तहसील पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनयरतन सिंह के श्रीगंगानगर में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। बैठक में कार्यकारिणी विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा तहसील अध्यक्षों को 10 जनवरी, 2025 तक अपनी कार्यकारिणी गठित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला व तहसील पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनयरतन सिंह के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर अग्रणी भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया।

### महावीर इन्टरनेशनल ने जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को जूते-जुराबें व टोपियां वितरित की



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** महावीर इन्टरनेशनल, सूरतगढ़ केन्द्र द्वारा 17 दिसम्बर 2024 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरतगढ़, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं. 4 सूरतगढ़, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड नं. 5 सूरतगढ़, राजकीय प्राथमिक विद्यालय उपनिवेशन कॉलोनी सूरतगढ़, चक 34 पी.बी.एन. मानकसर, 3 एस.जी.एम., 40 एस.टी.जी. रंगमहल में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 65 जोड़ी जुते, 200 जोड़ी जुराबें व 200 गर्म टोपियां वितरित की गयी। इस सेवा कार्य में गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सत्यनारायण झंवर, केन्द्र अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा, वीर नीरज डांग, वीर रामपाल रोकणा शामिल हुए।

### गुड टच बैड टच अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री अरोडवंश सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट श्रीगंगानगर द्वारा संचालित अरोडवंश पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 4 से 9 तक के छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से कैसे बचें के बारे में बताया गया।विद्यालय के प्राचार्य सचिन कुमार कुक्कड़ ने अनुसार सीनियर आईएएस नवीन जैन द्वारा चलाए गए स्पर्श अभियान के तहत स्पर्श वालंटियर श्रीमती पूनम खेतान और खुशी गुप्ता ने बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देते सोशल मीडिया विद्यार्थियों के जीवन को कैसे और कितना प्रभावित कर रहा है,के बारे में विस्तार से बताया। सोशल मीडिया से होने वाली हानियों और उनके बचाव के तरीके व नियमों की जानकारी दी।

# श्रीगंगानगर अम्बेडकर चौक से फव्वारे चोरी

## ❑ दलित समाज में आक्रोश अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग
## ❑ एससी-एसटी आरक्षण मंच ने जिलाकलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शहर के हृदय स्थल पर मौजूद डॉक्टर अम्बेडकर सर्किल पर मौजूद फावड़े किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए हैं जिसका दलित समाज में आक्रोश फैलता जा रहा है। एससी-एसटी आरक्षण मंच के जिला अध्यक्ष कालूराम मेघवाल के नेतृत्व में आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की गई है। साथ ही महापुरुषों के सभी चौकों को सीसी कैमरे से जोड़ने की मांग कि गई है, ताकि शहर में मौजूद महापुरुषों के चोक स्मारक सुरक्षित रह सके ज्ञात रहे कि श्री गंगानगर में गत वर्ष नगर परिषद ने 55 लाख रु खर्च कर डॉक्टर अम्बेडकर चोक का पुनः निर्माण करवाया था। इस विशाल काय चोक के निर्वाण में विधायक तिथि फंड से दस लाख रुपए खर्च किए गए। इसके अलावा दलित समाज की भीन भीन जातियों के लोगों द्वारा करीब 8 लाख रुपए एवं पूर्ण जिलाकलेक्टर महावीर प्रसाद वर्मा द्वारा 2 लाख 61 हजार रु एकत्रित कर उतर भारत का सबसे विशाल चोक तैयार करवाया गया था परन्तु नगर परिषद सभा पति करुणा चांडक के कुर्सी छोड़ने के बाद नगर परिषद लगातार इस चोक की अनदेखी कर रही हैं जिसकी शिकायत कई बार नगर परिषद् प्रशासन को दी जा चुकी है, परन्तु दुर्भाग्य से नगर परिषद जान बुझकर ध्यान नहीं कर रही है जिसका परिणाम ये है कि करीब 75 लाख की लागत से तैयार हुआ ये चोक नकारा साबित हो रहा करीब छः माह से फंवारे सिस्टम खराब पड़े हैं। फव्वारे चोरी होने का प्रमुख कारण भी यही रहा है कि फव्वारे खराब थे फांवरे के लिए बनाई गई नाले का फर्श निर्माण कार्य में अनियमिताएं बरतने के कारण लेकिज हो चुका है और म्यूजिक सिस्टम भी खराब हुआ पड़ा है। जिसकी दुखड़ा एससी-एसटीआरक्षण मंच की टीम द्वारा 6 दिसम्बर को संविधान निर्माता की पुण्य स्मृति पर पुष्पांजलि अर्पित करने पधारे स्थानीय विधायक एव जिला कलेक्टर महोदय को चौक के हालात से अवगत कराया गया था। शिष्ट मंडल में कालूराम मेघवाल एडवोकेट श्याम क्लोरिया एडवोकेट रोहताश महेंद्रा, टीकमचंद भाटिया, पृथ्वीराज मेहरड़ा पूर्व सरपंच शकर लाल मेघवाल, दुली चंद तूदवाल, खेतपाल बारूपाल, जगदीश जयपाल, राज महेंद्रा, तारा चंद भाटिया, राजाराम मेहरड़ा, एडवोकेट पुखराज मेघवाल, बीरबल मॉयल, एडवोकेट गुरचरण सिंह आदि मौजूद रहे।



# धर्मान्तरण के विरूद्ध सर्व समाज की जन जागरण बैठक आज

## ▼ सपारटन यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने धर्मान्तरण की बढ़ती घटनाओं पर रोष व्यक्त किया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में धर्मान्तरण की बढ़ती गतिविधियों के विरूद्ध सपारटन यूथ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा 18 दिसम्बर, बुधवार को सायं 4 बजे रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पंचायती धर्मशाला में सर्व समाज की जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया है। सपारटन यूथ ऑर्गेनाइजेशन कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मान्तरण की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय है। कुछ लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थवश भोले-भाले लोगों को डरा-धमकाकर तथा झूठे प्रलोभन देकर अवैध रूप से धर्मान्तरण किया जा रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संतों, जत्थेदार एवं धर्म गुरुओं के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में शहर के बुद्धिजीवियों, जागरूक नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न जाति-समाजों तथा सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा श्रीगंगानगर के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमावर्ती जिला होने के कारण प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों से इन घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की जाएगी। वक्ताओं द्वारा धर्मान्तरण के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। इसके साथ-साथ श्रीगंगानगर जिले के प्रत्येक गांव में धर्मांतरण विरोधी टीमों का गठन करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा तथा धर्मान्तरण की रोकथाम हेतु आगामी गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। सपारटन यूथ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बुद्धिजीवियों तथा जागरूक नागरिकों सहित सर्व समाज के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से 18 दिसम्बर, बुधवार को सायं 4 बजे रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पंचायती धर्मशाला में आयोजित सर्व समाज की जन जागरण बैठक में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

# राधिका बंसल सहित हनुमानगढ़ जिले के अग्रजनों का अग्रोहा में हुआ सम्मान

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा ÷अग्रोहा शक्तिपीठ तीर्थ स्थल÷ (अग्रोहा) में महालक्ष्मी वरदान दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय समारोह के समापन कार्यक्रम में हनुमानगढ़ की राधिका बंसल को राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा (ऋछ्रस्) में राजस्थान प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल शरण गर्ग तथा राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के युवा प्रदेशाध्यक्ष अमित नागौरी, युवा प्रदेश महामंत्री मुकेश हिसारिया, हनुमानगढ़ के युवा जिलाध्यक्ष डॉ संजय जिन्दल आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल शरण गर्ग ने राधिका बंसल को सम्मानित करते हुए कहा कि राधिका ने अपनी कठिन मेहनत, समर्पण और लगन से ने केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता को हासिल किया है बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत बनी है। उन्होंने साबित कर दिया है कि जब उद्देश्य साफ हो तो कोई भी मुश्किल कठिन नहीं होती। राधिका के अद्भुत कार्य को देखकर हमारी युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है कि वह भी अपने सपनों को साकार करें और समाज की सेवा में योगदान दे।

इस मौके पर हनुमानगढ़ के युवा जिलाध्यक्ष डॉ संजय जिन्दल ने इसे पूरे समाज व हनुमानगढ़ जिले के लिए गौरव का विषय बताया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग व पश्चिमी राजस्थान युवा सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष अमित नागौरी ने हनुमानगढ़ जिले के युवा अध्यक्ष डॉ संजय जिंदल (संगरिया) व युवा प्रदेश महामंत्री मुकेश हिसारिया (नोहर) का संगठन विस्तार व युवा टीम को सुदृढ़ करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मान किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के अग्रवाल शामिल हुए। हनुमानगढ़ जिले से रवि बंसल, त्रिलोक बंसल, अशोक ?िद?ा सहित काफी संख्या में युवा कार्यकर्त्ता शामिल हुए।



# सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति ने पेंशनर्स डे मनाया

## ▼ 85 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को किया सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर द्वारा पेंशनर्स डे समारोह हर्षोल्लासपूर्वक धूमधाम से मनाया गया। सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को समिति कार्यालय सुखाड़िया पार्क में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष इंजि. अर्जुन देव वधवा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार कौंसिल के अध्यक्ष एडवोकेट विजय चावला थे तथा समिति संस्थापक सदस्य एडवोकेट सीताराम गुप्ता व श्री अशोक बंसल विशेष रूप से मौजूद रहे। ईश्वरीय वंदना से प्रारम्भ इस समारोह में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ सदस्यों को माल्यार्पण कर तथा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समिति सचिव हरपाल सिंह ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1982 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय वाईवी चंद्रचूड़ द्वारा कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए सम्मान और शालीनता की गारंटी देते हुए निर्णय सुनाया था, जिसके तहत राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त पश्चात् एक निश्चित पेंशन प्रतिमाह मिलनी सुनिश्चित हो। इसलिए सभी पेंशनर्स वर्ष 1983 से इस दिवस को पेंशन भोगी दिवस के रूप में हर वर्ष उत्साहपूर्वक मनाते आ रहे हैं। मुख्य अतिथि एडवोकेट विजय चावला ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी पेंशनर्स हमारे समाज के लिए सम्माननीय हैं।



# सरकारी योजनाओं के लाभार्थी पीएम मोदी की रैली में शामिल हुए

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ उठा चुके लाभार्थियों की बस को सोमवार रात्रि 8:30 बजे उधम सिंह चौक गुंजन मार्बल के पास से रवाना हुए। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मयंक वशिष्ठ ने बताया की राजस्थान की जनहितैषी एवं विकासशील भाजपा सरकार के स्वर्णिम एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा के लिए युवा लाभार्थी जयपुर के लिए रवाना हुए। भाजपा युवा नेता संदीप कासनिया ने बस को हरी झंडी दिखाकर गुंजन मार्बल, उधम सिंह चौक से रवाना किया । युवा नेता संदीप कासनिया ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बस के प्रभारी मुकेश स्वामी ,सह प्रभारी लालचंद लिडिया , विनोद गोदारा ,विकास चौहान, चेलाराम नायक ,विक्रम नायक ,मांगीलाल नायक ,मंगू सिंह, कालूराम नायक व रामलाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### श्री सनातन धर्म बालिका उमावि की छात्रा गगनदीप कौर का इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार के लिए चयन

**श्रीगंगानगर( जनमार्ग न्यूज )।** श्री सनातन धर्म बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर की छात्रा गगनदीप कौर पुत्री रिंकू सिंह का राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की उच्च माध्यमिक परीक्षा सत्र-2024 में वाणिज्य वर्ग में अनुसूचित जाति वर्ग में जिले में प्रथम रहने पर देय इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। उक्त छात्रा को शिक्षा विभाग द्वारा पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये तथा स्कूटी हेतु चयन किया गया है। विद्यालय निदेशक श्रीमती कमलेश कटारिया एवं प्रबंध समिति पदाधिकारियों ने छात्रा गगनदीप कौर को बधाई दी।



## बांकेबिहारी स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण कल

### बेहतरीन शिक्षा के लिए लायंस की सप्रेम भेंट

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवा का हो जज्बा तो हर सेवा सम्भव है इसी को चरितार्थ करते हुए लायंस इन्टरनेशनल प्रान्त 3233 ई-1के रीजन बांके बिहारी द्वारा परमानैन्ट प्रोजेक्ट के तहत छात्र-छात्राओ की बेहतरीन शिक्षा के लिये विशेष रूप से राजकीय विधालय चक 4ई छोटी मे स्मार्ट क्लास रूम तैयार किया गया है। इस क्लास रूम को आधुनिक रूप से सुसज्जित कर 55 ईचं की स्मार्ट एल ई डी स्थापित की गई है जिससे ग्रामीण ऐरिया के बच्चे भी बेहतरीन शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। रीजन बांके बिहारी के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन नरेन्द्र भठेजा ने जानकारी देते हुए बताया की पुरे लायंस प्रान्त मे प्रथम बार ऐसा प्रथम बार हो रहा है कि प्रान्तपाल व रीजन चेयरपर्सन द्वारा व्यक्तिगत रूप से अनुठे सेवा कार्य निरंतर आयोजित हो रहे है।इसी के अन्तर्गत परमानैन्ट प्रोजेक्ट के तहत प्रान्तपाल सुनील अरोड़ा द्वारा राजकीय विधालय को एल ई डी भेंट की गई व रीजन चेयरपर्सन नरेन्द्र भठेजा द्वारा क्लासरूम को सुसज्जित किया गया है। जिसका रख- रखाव लायंस क्लब उमंग कपल द्वारा किया जायेगा। रीजन पीआरओ लायन नितीन खरबंदा ने बताया की बांके बिहारी स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण माननीय प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा द्वारा 19 दिसम्बर गुरुवार को किया जायेगा। इस अवसर पर रीजन के समस्त लायंस क्लबो के लायन साथी व प्रान्तीय पदाधिकारी उपस्थित होगें।

# 19वें भटनेर अश्व मेले का भव्य समापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जिले में आयोजित 19वें भटनेर अश्व मेले का रविवार को भव्य समापन हुआ। यह मेला अश्व प्रेमियों और घुड़सवारी कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध है। मेले के समापन समारोह में कई गणमान्य अतिथियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गणेशराज बंसल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ पूर्व विधायक कुशलदीप ढिल्लो, फतेह सिंह बादल, दिग्विजय सिंह चौटाला, सरवीरेंद्र सिद्धू और सनी गिल भी उपस्थित रहे।



मेले में आयोजित अश्व प्रतियोगिताओं में मारवाड़ी और नुकरी वर्ग की श्रेणियों में शानदार मुकाबले देखने को मिले। मारवाड़ी घोड़ी वर्ग में संदीप सिंह आलम वाला ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, आरपी गिल लुधियाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सुख गौरव अबोहर तीसरे, संजय बदल चौथे और अशोक बेनीवाल पीर कमरिया पांचवें स्थान पर रहे। नुकरी घोड़ी वर्ग में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इसमें लाडी सरपंच पंजाब ने पहला स्थान प्राप्त किया। बहादुर सिंह संगरूर दूसरे स्थान पर रहे। सुखबीर सिंह मुख्तार ने तीसरे स्थान पर अपनी घोड़ी का प्रदर्शन किया जबकि निर्मल सिंह खाराचक गोलूवाला चौथे स्थान पर रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमन बगड़िया और सचिव सत्यदेव सुथार ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक नगद इनाम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर रहने वाले घोड़े को 31,000 रुपये का नगद पुरस्कार मिला। दूसरे स्थान पर रहे घोड़े को 21,000 रुपये, तीसरे स्थान पर 11,000 रुपये, चौथे स्थान पर 5,100 रुपये और पांचवें स्थान पर रहे घोड़े को 3,100 रुपये की राशि प्रदान की गई।

आयोजन समिति के सदस्य लोकेश चाहर और रॉबिन बेनीवाल ने बताया कि भटनेर अश्व मेला पिछले 19 वर्षों से निरंतर सफलता पूर्वक आयोजित किया जा रहा है। यह मेला घुड़सवारी के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना चुका है। इस मेले में देशभर के अश्व प्रेमी और घुड़सवार हिस्सा लेते हैं। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, नोएडा, दिल्ली और गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी इस मेले में पहुंचते हैं और अपनी घोड़ों की कला का प्रदर्शन कर मेले की रौनक बढ़ाते हैं।

मेले में दूर-दूर से पहुंचे दर्शकों ने घुड़सवारी के रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया और मेले की भव्यता को सराहा। मुख्य अतिथि विधायक गणेशराज बंसल ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला घुड़सवारी की परंपरा को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पूर्व विधायक कुशलदीप ढिल्लो और फतेह सिंह बादल ने भी अपने संबोधन में कहा कि भटनेर अश्व मेला न केवल क्षेत्र की पहचान को बढ़ाता है, बल्कि देशभर के घुड़सवारों को एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस मेले के माध्यम से स्थानीय व्यापारियों को भी आर्थिक लाभ मिलता है। मेले की सफलता में आयोजन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति के सदस्यों ने दिन-रात मेहनत कर मेले को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। अध्यक्ष अमन बगड़िया ने कहा कि इस मेले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में मेले का आयोजन और भी भव्य तरीके से किया जाएगा ताकि देशभर के घुड़सवारों को आकर्षित किया जा सके। मेले में नगर परिषद एवं पशुपालन विभाग की टीम ने अपनी विशेष सेवाए दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, दर्शकों और अतिथियों का आभार प्रकट किया। भटनेर अश्व मेला अपनी परंपरा और भव्यता के साथ हर वर्ष देशभर के अश्व प्रेमियों और दर्शकों को आकर्षित करता है। यह मेला न केवल घुड़सवारी की प्रतियोगिताओं का मंच है, बल्कि यह ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं का एक शानदार संगम भी है। उक्त आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष अमन बगड़िया, उपाध्यक्ष संदीप गोदारा, सचिव सत्यदेव सुथार, कोषाध्यक्ष लोकेश चाहर, अश्व पालक समिति सदस्य कृष्ण चाहर, संजीव बेनीवाल, सुमित चाहर, पवित्र बिश्नोई, रविन्द्र राठौड़, नकूल रिणवां, सुशील ढुकिया, प्रिंस बेनीवाल, पवित्र बिश्नोई, रंजीत फगो?िया, गुरमीत सिंह, संदीप सिंह, बलजिंदर सिंह, अरविंद राठौ?, सुशील सहारण, सुभाष संखनिया का विशेष योगदान रहा।

# किसानों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**पीलीबंगा।** खनौरी बोर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मरणव्रत के समर्थन में तथा शंभू मोर्चे पर पैदल दिल्ली जा रहे मरजीवड़े जत्थे पर गोलेबारी करने के विरोध में तहसील उपखंड मुख्यालय के सामने हनुमानगढ़-सूरतगढ़ फोरलेन मार्ग एक दिन का सांकेतिक उपवास रख कर प्रदर्शन किया गया।इसके उपरांत किसानों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा।किसान मजदूर मोर्चा जीकेएस के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह राजू ने बताया कि गूंगी-बहरी सरकारों को जगाने के लिए किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे है।बताया कि खनौरी बोर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल लगातार 21 दिनों से मरणव्रत पर बैठे है।लेकिन केंद्र सरकार एमएसपी गारंटी कानून सहित अन्य मांगो पर विचार करने तक को तैयार नहीं है।रणजीत सिंह ने बताया कि शंभू बॉर्डर पर अपनी जायज मांगों को लेकर पैदल दिल्ली जा रहे किसानों पर सरकार गोलीबारी कर जख्मी कर रही है।कहा कि लोकतंत्र में किसान-कमेरो की आवाज को साजिशन दबाया जा रहा है।इस अवसर पर प्रगट सिंह,भागीरथ कड़वा,राजेंद्र सिंह मान,सतनाम सिंह मान,लक्ष्मण गोयल,हरदीप सिंह,गुरदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह,जगवीर सिंह,संदीप सिंह,सुखप्रीत सिंह,सुखदेव सिंह, अमरजीत सिंह,गुरजीवन सिंह, सतनाम सिंह,हरविंदर सिंह आदि किसान भूख हडताल पर बैठे तथा सेंकड़ों किसानो ने तहसील मुख्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर बैठ शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।

**एमएसपी का सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा राजस्थान को:** जीकेएस प्रदेश महासचिव संतवीर सिंह मोहनपुरा ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून के लागू होने से सबसे ज्यादा फायदा राजस्थान को होगा।उन्होंने बताया कि राजस्थान में सभी प्रकार की फसलें उगाई जाती है। इसलिए एमएसपी गारंटी कानून लागू होने का सबसे बड़ा फायदा राजस्थान के किसानों का होगा।पीलीबंगा ब्लॉक अध्यक्ष गगनदीप सिद्धू ने कहा कि आम किसान की आवाज को फोर्स के जरिए दबाया जा रहा है,जिसका विरोध किया जाएगा।अभी तहसील स्तर पर इकट्ठे हुए हैं आने वाले दिनों में जत्थे बनाकर निकलेंगे।

**एसडीएम को इन 13 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन:** पूरे देश के किसानों के लिए सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए और डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के भाव तय किये जाये।किसानों और मजदूरों की पूर्ण क?मुक्ति की जाये।भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में पुन: लागू किया जाए एवं भूमि अधिग्रहण से पहले किसानों की लिखित सहमति एवं कलेक्टर रेट से 4 गुणा मुआव?ा देने के प्रावधान लागू किये जायें।लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषियों को स?ा एवं पी?ित किसानों को न्याय दिया जाए।भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आये एवं सभी मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए।किसानों और खेत मजदूरों को पेंशन दी जाए।दिल्ली आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों को मुआवजा एवं परिवार के 1 सदस्य को नौकरी दी जाए।विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद्द किया जाए।मनरेगा के तहत प्रति वर्ष 200 दिन का रोजगार, 700 रुपये का मजदूरी भत्ता दिया जाए एवं मनरेगा को खेती के साथ जो?ा जाए।नकली बीज,कीटनाशक दवाइयां एवं खाद बनाने वाली कंपनियों पर सख्त दंड और जुर्माना लगाने के प्रावधान तय किये जायें। एवं बीजों की गुणवत्ता में सुधार किये जायें।मिर्च, हल्दी एवं अन्य मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाए।संविधान की 5 सूची को लागू किया जाए एवं जल, जंगल,जमीन पर आदिवासियों के अधिकार सुनिश्चित कर के कम्पनियों द्वारा आदिवासियों की ?मीन की लूट बन्द करी जाए।

## गुरुद्वारा परिसर में 22 को निशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का होगा आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** गुरुद्वारा शहीद बाबा सुखा सिंह शहीद बाबा मेहताब सिंह में सिंह साहब जत्थेदार बाबा बलबीर सिंह मुखी दल के पावन सानिध्य में 22 दिसंबर प्रात: 10:00 बजे से 1:00 बजे तक निशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर अपेक्स हॉस्पिटल श्रीगंगानगर के सहयोग से लगाया जा रहा है। इस शिविर में डॉक्टर योगेश गर्ग पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष बिश्नोई न्यूरो सर्जन सिर की चोट रीड की हड्डी की चोट जनरल फिजिशियन डॉक्टर विक्रमाजीत जोशी शुगर बीपी माइग्रेन आदि बीमारियों के बारे में निशुल्क परामर्श देंगे। सेवादार रमेश मुटनेजा ने बताया कि इस शिविर में लीवर की जांच फाइब्रोस्कैन बीपी शुगर की जांच निशुल्क होगी शिविर में रजिस्ट्रेशन हेतु बाबा जग्गा सिंह से संपर्क करें बाबा जोगा सिंह ने संगत से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। कश्मीरा सिंह ने बताया की हर रविवार को गुरुद्वारा साहिब में श्री चोपहरा साहब पाठ होता है जिसका समय दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक रहता है।

## चौंक का उद्घाटन व राजयोग भवन का भूमि पूजन होगा कल

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** प्रजापिता ब्राह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की और से ब्रहमा कुमारी बहन शीला दीदी व किरण दीदी ने जानकारी देते हुए बताया की ओम शांति चौंक का उद्घाटन व राजयोग भवन का भूमि पूजन 19 दिसम्बर गुरुवार को किया जायेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की ओम शांति चौंक गंगानगर रो? नजदीक शंकर धर्मकांटा का उद्घाटन प्रात 10.30 बजे व राजयोग भवन सेक्टर न 03 टाउन का भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गणेशराज बंसल, विशिष्ट अतिथि सुमित रणवा पूर्व सभापति नगरपरिषद, उमेदीलाल मीणा अतरिक्त जिला कलक्टर के करकमलो द्वारा किया जायेगा। राजयोगिनी ब्रहमाकुमारी कैलाश दीदी जी बठिंडा सबजोन इंचार्ज द्वारा आशीर्वचन दिए जायेंगे।

## सुनील अरोड़ा सहित लायनवाद की अनेक हस्तियां आज श्रीगंगानगर में

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई-1) के प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा व लियो प्रांतीय अध्यक्ष लियो अमन गुप्ता श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले के क्लबों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा के अनुसार लायंस क्लब ग्रेटर के स्थापना दिवस,आधिकारिक यात्रा, लायंस क्लब सैंटर द्वारा निर्माणाधीन जल मंदिर के शिलान्यास, नवगठित लियो क्लब निष्काम के शपथ ग्रहण समारोह, लायंस क्लब उमंग कपल द्वारा राजकीय विद्यालय में निर्मित स्मार्ट क्लास के उद्घाटन, राजकीय चिकित्सालय में रोगियों के लिए रूम हीटर, श्रीविजय नगर में लायंस क्लब एवं लियो क्लबों के शपथ ग्रहण समारोह व अन्य क्लबों द्वारा जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर और भोजन वितरण, मधुमेह जांच तथा चिकित्सा शिविर जैसे अनेक सेवा कार्यों मैं सुनील अरोड़ा भाग लेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में एडिशनल डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ नरेंद्र चांगिया, रीजन बांके बिहारी के चेयरमैन नरेंद्र भठेजा, रीजन देवकीनन्दन के रीजन चेयरमेन एमजेएफ कमल कुक्कड़, जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, जीएलटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, रीजन के समस्त जोन चेयरमैन व प्रांतीय अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके आगमन से लॉयन सदस्यों में भारी उत्साह है।

# कम्प्यूटर लैब,सोलर पैनल, स्मार्ट बोर्ड विद्यार्थियों को समर्पित

**रावतसर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नेहरा वाली ढाणी मे जनसहयोग एवं सीएसआर मद से कराए गए विकास कार्यों को विद्यार्थियों को समर्पित करने के लिए कार्यक्रम हुआ,इस अवसर पर डा. जितेन्द्र कुमार आईएएस जिनकी यह विद्यालय प्रथम कार्यस्थली रही उनके पिता मोहनलाल सोनी की प्रेरणा से स्थापित हुए 5 किलोवाट हुए सोलर पैनल ,6 कम्प्यूटर सेट फर्नीचर सहित,एक स्मार्ट बोर्ड पैनल का लोकार्पण उनके पिता श्री मोहन लाल सोनी व उनकी माता श्रीमती रेशमा देवी सोनी के कर कमलों द्वारा किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित उप जिला प्रमुख मुकेश सहारण सरपंच मदन लाल जाखड़ ने मोहनलाल सोनी को साल ओढ़ाकर,पगड़ी पहनाकर और सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य एवं यूसीईईओ सत्यदेव राठौड़ ने मानस अभियान तथा विद्यालय विकास में भामाशाहों से सहयोग प्राप्त करने के बारे मे जानकारी दी। उप जिला प्रमुख मुकेश सहारण व सरपंच मदनलाल जाखड़ ने शाला विकास कार्यों की प्रशंसा की।पीईईओ निर्मला चौधरी, दीपा चौधरी द्वारा जितेंद्र जी सोनी की माता जी को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों द्वारा जिला कलेक्टर महोदय द्वारा नशे जागरुकता अभियान के तहत मानस अभियान पर पोस्टर विमोचन किया गया।अमर सिंह चौहान ने नशे जैसी बुराई पर कविता पढी। इस अवसर पर पंच पृथ्वीराज पंच प्रहलाद एस.एम.सी.अध्यक्ष सुभाष नेहरा , बनवारी लाल छिरंग, शिवराम सुथार, घडसी राम, रामसिंह नेहरा, राजकुमार, प्रहलाद, मोहन भाटी, गजानंद नेहरा ,अमरचंद, हरीराम, राजेन्द्र नेहरा ,माडुगिर ,सुखदेव सिंह,विद्यालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।ग्रामवासियों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।संस्थाप्रधान रोहिताश शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, R.S.A.M.B., CIRCLE BIKANER
RajKaj Ref No.: 12469984 Date: 16.12.2024
NOTICE INVITING BID- 02/2024-25
Bids for Various Construction and repair works of Buildings and Roads of KUMS Bikaner (G), Pugal Road (G) Bikaner, Khajuwala, Pilibanga, Sriganganagar (G) & Srikaranpur are invited from interested bidders upto 06.00 PM of dated 01.01.2025 & 13.01.2025. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and departmental website http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb for detailed NIB.
UBN: AGM2425WSOB00507 to 512
Raj.Samwad/C/24/9229 SUPERINTENDING ENGINEER

# स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति ने मेधावी व जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां एवं स्टेशनरी वितरित की

### ठंड से बचाने के लिए राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को जर्सी वितरण का सिलसिला निरन्तर जारी

**श्रीगंगानगर।** स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति, श्रीगंगानगर द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को जर्सी वितरण का सिलसिला निरन्तर जारी है। इसी कड़ी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, 501 एलएनपी (भादुवांवाली) में आयोजित कार्यक्रम में 40 मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म जर्सियां एवं स्टेशनरी वितरित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवतार सिंह मल्होत्रा तथा विशिष्ट अतिथि अमरजीत सिंह सिडाना, जगीर चंद फरमा, गुरप्रीत सिंह मक्कड़ व इंदुभूषण चावला थे तथा अध्यक्षता प्रधानाध्यापक श्रीमती प्रियंका चौधरी ने की। मंच संचालन श्रीमती अंजू पूनिया ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति, श्रीमती सुमन बुडानिया, सुधा खुराना, एसएमसी सदस्य श्योपत राम, सोमा देवी, श्रीमती सुमन, विमला, मंजू, अभिभावक रोशनी, राजबाला, राजाराम



सलोनी, डिम्पल, सरोज, रेखा, पुष्पा व रचना सहित गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात् ठंड से बचाने के लिए विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों को स्टेशनरी भी भेंट की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती ज्योति ने अवतारसिंह मल्होत्रा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यों को समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल बताया। प्रधानाध्यापक प्रियंका चौधरी ने विद्यार्थियों को जर्सियां एवं स्टेशनरी भेंट करने पर स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि अवतार सिंह मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा कभी भी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व अनुशासन के साथ जीवन में सफलता हासिल करने पर बल दिया। समिति के उद्देश्यों की विवेचना करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति, श्रीगंगानगर द्वारा गत तीन वर्षों से विद्यार्थियों की शिक्षा में यथासम्भव सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं तथा विद्यार्थियों का शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ा है। उन्होंने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी भाग लेने का संदेश दिया। गुरप्रीत सिंह मक्कड़ ने माता-पिता व गुरुजन की आज्ञा पालन पर बल दिया तथा नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। जगीर चंद फरमा ने स्वास्थ्य के महत्व को समझाया तथा विद्यार्थी जीवन में मोबाइल व सोशल मीडिया का कम से कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सुबह जल्दी उठने से पूरे दिन तरोताजा महसूस होता है तथा दिनचर्या भी सकारात्मक होती है। परीक्षा के दिनों में इसका निसंदेह विद्यार्थियों को भारी लाभ होता है। इस अवसर पर स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति, श्रीगंगानगर सदस्य, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अपना घर आश्रम ने मिलन अभियान के तहत प्रभुजी को परिजनों से मिलाया

### शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने पर राजकीय चिकित्सालय में करवाया इलाज

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अपना घर आश्रम, 17 एमएल, पठानवाला, श्रीगंगानगर द्वारा मिलन अभियान के तहत प्रभुजी को परिजनों से मिलाया गया है। अपना घर आश्रम के जगीर फरमा ने बताया कि लगभग तीन माह पहले अशोक कोहली की सूचना पर रेलवे स्टेशन से एक प्रभुजी को रेस्क्यू करके अपनाघर आश्रम पठानवाला में लाया गया था, जिन्होंने अपना नाम कश्मीर सिंह बताया। उस समय प्रभुजी के पेट में जख्म था। इस पर राजकीय चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों से ईलाज करवाया गया। प्रभुजी कश्मीर सिंह के स्वस्थ होने पर सेवाभावी सदस्य पुरुषोत्तम नागपाल तथा अर्जुन वधवा द्वारा इनके घर का पता करने पर कालियां गांव में निवास करने के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इस पर परिजनों से सम्पर्क करके प्रभुजी कश्मीर सिंह को सकुशल इनके निवास स्थान कालियां गांव भिजवाया गया। प्रभुजी कश्मीर सिंह वापिस अपने घर जाकर अत्यंत खुश नजर आए तथा उन्होंने उचित ईलाज, देखभाल व सेवा व्यवस्थाओं के लिए अपना घर आश्रम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के सेवाभावी सदस्य एवं प्रभुजन उपस्थित थे।




# बीसीए की छात्रा दिशा भाटिया की स्वतंत्र लेखिका के रूप में पुस्तक का प्रकाशन

● अब ऑनलाइन बिक रही है 'अनसुनी की फुसफुसाहट'

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हुनर दिखाने के लिए उम्र की कोई सीमा तय नहीं है। बिहाणी चिल्ड्रन्स एकेडमी के इंटरनेशनल बोर्ड की 9वीं कक्षा की छात्रा दिशा भाटिया ने लेखन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'अनसुनी की फुसफुसाहट' किताब लिख डाली है। अंग्रेजी भाषा में लिखी अनस्पोकन ट्रुथ = व्हिस्पर्स ऑफ द अनहर्ड को नेशन प्रेस ने प्रकाशित किया है। दिशा भाटिया बताती है कि उसके मन में खुद के लिए जो भी ख्याल आते उसे वह एक रजिस्टर में लिख लेती थी। दिशा ने खुद के लिखे विचारों को बीसीए की दो अध्यापिकाओं मीनाक्षी जैटली व कर्मजीत कौर से जचवाई, जिन्होंने उसे प्रोत्साहित करते हुए रफ लिखे वाक्यांशों को साफ-साफ दूसरे रजिस्टर में उतारने की सलाह दी। इस काम में सहपाठी वंश भैया ने भी उसकी मदद की। दिशा भाटिया के पिता मनोज भाटिया विद्युत निगम में कर्मचारी है जबकि मां रजनी भाटिया गृहणी है। अनकहा सत्य 'अनसुनी की फुसफुसाहट' का मेटर ऑनलाइन नेशन प्रेस को भेजा गया। नेशन प्रेस ने जांच के बाद दिशा भाटिया की बतौर स्वतंत्र लेखिका के रूप में पुस्तक प्रकाशित कर दी 'अनसुनी की फुसफुसाहट' अक्सर अनकहे रह गए शांत संघर्षों पर प्रकाश डालती है। एक छात्रा के रूप में अपने जीवन को संतुलित करते हुए वह अपने अनुभवों, टिप्पणियों और भावनाओं को शक्तिशाली आख्यानों में ढालती है जो युवा पाठकों को अपनी यात्रा पर ले जाते हैं। किशोरावस्था की जटिलताओं से प्रेरित होकर वह बड़े होने की कच्ची, अनफिल्टर्ड वास्तविकताओं को पकड़ती है। अकेलापन, लचीलापन और आशा की पहचान को आकार देती है। अब यह किताब ऑनलाइन बिक रही है। दिशा भाटिया को इस उपलब्धि के लिए बीसीए के उपाध्यक्ष हिमांशु बिहाणी ने सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक राजेंद्र राठी, निदेशक (शैक्षिक) डॉ. कविता चौधरी, उपनिदेशक शैक्षिक कमलजीत सिंह सूदन, प्राचार्य नलिनी धींगड़ा, प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर और मीनाक्षी जैटली मौजूद थीं।






# टांटिया यूनिवर्सिटी के दो कैडेट का राष्ट्रीय समारोह के लिए चयन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के दो कैडेट गणतंत्र दिवस के नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय समारोह की परेड में शामिल होंगे। यूनिवर्सिटी के एनसीसी प्रभारी लेफ्टीनेंट संदीपकुमार भांभू ने बताया कि अंडर ऑफिसर अभिषेक और सार्जेंट मोहित का चयन राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में परेड के लिए हुआ है। वे इस परेड में शामिल होकर टांटिया यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका चयन जिला मुख्यालय, संभाग मुख्यालय के पश्चात राजस्थान निदेशालय के विभिन्न शिविरों में दक्षता परीक्षण के बाद किया गया है। उल्लेखनीय है कि टांटिया यूनिवर्सिटी के कैडेट पूर्व में भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर शूटिंग में पदक जीतने का श्रेय भी यूनिवर्सिटी के कैडेट्स को है। यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) एमएम सक्सेना, रजिस्ट्रार डॉ. विनोदकुमार शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र गोदारा एवं डिप्टी रजिस्ट्रार राकेश वर्मा ने इस उपलब्धि पर कैडेट्स को बधाई दी है।



श्रीगंगानगर मुख्यालय से कुल पांच कैडेट का चयन हुआ है। इनमें टांटिया विश्वविद्यालय के दो व तीन कैडेट राजकीय महाविद्यालय के सम्मिलित हैं। स्थानीय एनसीसी मुख्यालय के समादेशक कर्नल संजय जग्गी ने भी सभी को बधाई दी है।

# पंजाब में कांग्रेस एमएलए के भांजे की हत्या

जनमार्ग न्यूज



**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में आदमपुर से कांग्रेस विधायक सुखविंदर सिंह कोटली के भांजे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। विधायक ने इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर को जिम्मेदार को ठहराया। साथ ही जालंधर के एसएसपी से सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। उधर, पुलिस ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में इस्तेमाल किया गया बेसबॉल बैट भी बरामद हुआ है। युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ पुलिस ने विधायक के भांजे के साथ मौजूद रहे दो अन्य युवकों से पूछताछ की। उन्होंने बताया है कि वारदात को 8 युवकों ने अंजाम दिया है। मृतक की पहचान आदमपुर के गांव ब्यास के रहने वाले सन्नी के रूप में हुई है। जालंधर देहात के एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने बताया है कि मंगलवार रात को सभी आरोपी और पीड़ित युवक एक ही ठेके पर बैठकर शराब पी रहे थे।

# कीटनाशक पीने से महिला की मौत

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के नोहर थाना इलाके में कीटनाशक पीने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला 15 दिन से अस्पताल में भर्ती थी। मामले में परिजनों ने पुलिस थाने में खांसी की दवा की जगह गलती से कीटनाशक पीने का मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच स्थानीय एसडीएम कर रहे हैं। नोहर थानाधिकारी ईश्वरानंद शर्मा ने बताया कि बंटी उर्फ सोनू (18) पुत्र प्रेमचंद सोनी निवासी वार्ड एक भादरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूनम की शादी 6 साल पहले वेदप्रकाश पुत्र साहबराम सोनी निवासी वार्ड पांच, दलपतपुरा, हाल वार्ड 12, नोहर के साथ हुई थी। करीब 15 दिन पहले पूनम ने खांसी की दवाई की जगह कीटनाशक दवा पी ली। तबीयत बिगड़ने पर पूनम को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# पाकिस्तानी भिखारियों पर टूटा सऊदी अरब का कहर

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सऊदी अरब को अपना दोस्त बताता है। इन दोनों मुस्लिम देशों में व्यापार समेत कई मोर्चों पर संबंध बने हुए हैं। लेकिन इन संबंधों पर तगड़ा झटका लगा है। दरअसल पिछले 7-8 महीने से सऊदी अरब लगातार पाकिस्तान ने अपने भिखारियों पर नकेल कसने को कह रहा है। लेकिन पाकिस्तान ने जब इसका कोई जवाब नहीं दिया तब सऊदी अरब ने पाकिस्तान के हज यात्रियों की संख्या में 90 प्रतिशत तक कटौती कर दी इसके बाद पाकिस्तान हरकत में आया और ऐसे भिखारियों की लिस्ट तैयार की जिनसे सऊदी अरब को नुकसान हो रहा है। तब जाकर अब, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के 4300 भिखारियों को नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया है यानी अब ये भिखारी पाकिस्तान से सऊदी अरब के लिए उड़ान नहीं भर सकते, ना ही ये हज के बहाने मक्का आ सकते हैं।

# पुष्पा देवी का निधन

जनमार्ग न्यूज

**सादुलशहर।** भाजपा नेता करुण मित्तल की माता श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी बलदेव राज मित्तल का आज सुबह 6 बजे निधन हो गया है। अंतिम संस्कार श्रीराम बाग कल्याण भूमि में किया गया। जनमार्ग परिवार हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता है।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें,
ज्यादा खबरें

# दो पक्षों में चले धारदार हथियार, महिला सहित 3 लोग घायल

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का जिले में एक घर के सामने पड़ी लकड़ी को हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दोनों तरफ से धारदार हथियार चले। इस विवाद में दोनों पक्षों से एक महिला सहित 3 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला जिले के नया सलेमशाह गांव का है। जहां पड़ोसियों के घर के सामने लकड़ी पड़ी थी। जिन्हें हटाने के कहने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। एक पक्ष द्वारा कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। तो दूसरे पक्ष ने लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप लगाया है। मारपीट में घायल हुई महिला रेशमा ने बताया कि उसके देवर ने पेड़ कटवाए थे।

# नेतेवाला मर्डर केस में चौथा आरोपी गिरफ्तार

● नेतेवाला मर्डर केस में चौथे आरोपी की गिरफ्तारी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गांव नेतेवाला में टिफिन विवाद मामले में एकअन्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं। मामले में मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पहुंच से बाहर है। उनकी तलाश के लिए पंजाब और आरोपियों के कई संभावित ठिकानों पर पुलिस लगतार दबिश दे रही है। इस मामले में मंगलवार को चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अब तक पुलिस तीन आरोपियों को पकड़ चुकी है। चौथा आरोपी संजय कुमार उर्फ राकेश उर्फ राका पुत्र दलीप कुमार पंजाब के फाजिल्का जिले के बहाववाला थाना क्षेत्र की अबोहर तहसील के गांव सीतोगुणो का रहने वाला है। वह श्रीगंगानगर के सदर थाना क्षेत्र के गांव नाथांवाला में ननिहाल में रह रहा है।



मामले में इससे पहले तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पवन कुमार सैन पुत्र राजपाल, विजय कुमार पुत्र मैनपाल और संदीप आचार्य उर्फ नानू पुत्र ओमप्रकाश की गिरफ्तारी के बाद पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। तीनों गिरफ्तार आरोपी गांव तीन एमएल के रहने वाले हैं। घटना में दस से बारह आरोपी शामिल थे। ऐसे में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीमें बनाकर कई जगह भेजी हैं। इस मामले में दो नाबलिग भी पकड़े गए हैं।

# कुछ देर सूना छोड़ा मकान, चोरों ने किया हाथ साफ

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन थाना क्षेत्र के वार्ड 25 में देर शाम को करीब दो घंटे के लिए सूने छोड़े गए मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरातों व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस मकान में किराए पर रहने वाले परिवार का मुखिया रात को आया तो मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा देख चोरी का पता चला। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार (34) पुत्र सतीश कुमार अरोड़ा निवासी वार्ड 22, मकान नम्बर 43, रघुनाथ मंदिर के सामने, टाउन हाल किराएदार वार्ड 25, दीनदयाल चौक के पास, टाउन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह अपने परिवार सहित किराए के मकान में रह रहा है। सोमवार की शाम करीब 7.30 बजे उसकी पत्नी पूजा किसी काम के लिए घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर उसके भाई के घर गई थी। इसके बाद वह रात्रि करीब 9.20 बजे अपने घर पहुंचा तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

# विज्ञान वर्ग की छात्राओं के टाइटल से कार्यक्रम बना रोचक

● राजकीय महिला महाविद्यालय फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन

जनमार्ग न्यूज



**सादुलशहर।** राजकीय महिला महाविद्यालय सादुलशहर में साइंस क्लब के तत्वावधान में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी और तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। तृतीय वर्ष की छात्राओं ने अपने सहपाठियों के लिए रोचक खेलों का आयोजन किया और उन्हें विशेष टाइटल्स प्रदान किए। इसके साथ ही प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने भी तृतीय वर्ष की छात्राओं को विभिन्न टाइटल्स देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम की एक अन्य विशेषता यह रही कि बीएससी की छात्राओं ने महाविद्यालय की सभी संकाय सदस्यों को भी टाइटल्स देकर उनका सम्मान किया, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। कार्यक्रम के दौरान अनेक प्रकार के खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूनम दत्ता ने की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने प्रथम वर्ष की नई छात्राओं का स्वागत किया और तृतीय वर्ष की छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. इर्विंदर कौर थीं, जिन्होंने कार्यक्रम के समापन पर सभी विज्ञान संकाय के साथियों एवं छात्राओं को कार्यक्रम को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान के पर्यवेक्षण के लिये अधिकारी नियुक्त

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राज्य में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान 2024 संचालित होगा। अभियान के तहत समस्त पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके लिये जिला कलक्टर डॉ. मंजू द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित करते हुए अभियान के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिये अधिकारी भी नियुक्त किये हैं। जिला कलक्टर के अनुसार राज्य में 19 से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान 2के अंतर्गत सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में जन शिकायतों के निस्तारण एवं विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की जानी है। साथ ही उक्त अवधि के दौरान संपर्क पोर्टल पर अधिकतम प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना है। इसके लिये समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अभियान के सफल आयोजन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिये ब्लॉकवार अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। एडीएम सतर्कता श्रीगंगानगर को श्रीकरणपुर ब्लॉक, सूरतगढ़ एडीएम को सूरतगढ़, नगर विकास न्यास सचिव को पदमपुर, समेकित महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक को गंगानगर और सहायक कलक्टर एसीएम कोर्ट श्रीगंगानगर के सादुलशहर ब्लॉक में आयोजित होने वाले शिविरों के लिये अधिकारी लगाया गया है। अभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कृषि, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित परिवादों का प्राथमिकता के आधार पर यथासंभव मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

# चूरू के खेतों में पानी के पाइप पर जमी बर्फ

● अस्पताल में सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी
● न्यूनतम तापमान पहुंचा 1.8 डिग्री

जनमार्ग न्यूज

**चूरू।** चूरू में सर्द हवाओं का दौर जारी है। सर्दी के बीच पारा बुधवार को लुढ़क गया। बुधवार को पारा फिर से जमाव बिंदु पर आ गया है। कड़ाके की ठंड के बीच सर्द हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। खेतों में पानी के पाइप, पक्षियों के लिए रखे परिंडों और फसलों के पतों पर पानी ओस के रूप में जम गई। मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को न्यूनतम तापमान में 2.2 डिग्री की गिरावट हुई है। सुबह दस बजे बाद धूप खिलने से लोगों को राहत मिली है। सर्दी से राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। सर्दी के चलते चाय की दुकान पर लोगों की काफी भीड़ लगी रहती है। मंगलवार को सर्दी के पारे में छलांग लगाते हुए चार डिग्री के पास पहुंच गया। जो बुधवार को लुढ़ककर 1.8 डिग्री के पास पहुंच गया। शहर की बूंटिया रोड स्थित कब्रिस्तान में पक्षियों के लिए भरे गए पानी के कुंडों में बुधवार सुबह बर्फ जम गई। सर्दी के बढ़ने से अस्पताल में भी सर्दी जुकाम और अस्थमा के मरीजों की संख्या बढ़ने गई है। डीबी अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. मो. आरिफ ने बताया कि सर्दी जुकाम होने पर डॉक्टर से प्राथमिक इलाज जरूर करवाएं। इसके अलावा सांस के मरीजों को इस समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री दर्ज किया गया है।



# हाईकोर्ट के आदेश से युवाओं को मिली बड़ी राहत

जनमार्ग न्यूज




**जयपुर।** राजस्थान के युवाओं का लम्बा इंतजार खत्म हो गया है। कर्मचारी चयन बोर्ड ने जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसे भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी कर्मचारी चयन बोर्ड ने ऑफिशियल वेबसाइट पर देख सकते हैं। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने दिसंबर के पहले सप्ताह में राजस्थान में जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती में नियुक्तियां देने पर लगी रोक को हटा दिया था। दरअसल, प्रदेशभर में 5388 पदों पर जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट की भर्ती निकली थी। जिसके तहत 5190 पदों पर गैर अनुसूचित क्षेत्र जबकि 198 पदों पर अनुसूचित क्षेत्र में भर्तियां की जानी थी। जिसके लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने इसी साल 11 फरवरी को भर्ती परीक्षा का आयोजन किया था इसके बाद 27 जून को लगभग 2 गुना अभ्यर्थियों को शॉर्ट लिस्ट कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। हालांकि, जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है। ऐसे में कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ बीसी बधाल ने बताया कि मौजूदा परीक्षा परिणाम कोर्ट के फैसले के अनुसार रहेगा। परीक्षा परिणाम में सिलेक्ट होने वाले अभ्यर्थियों के पक्ष में नियुक्ति के लिए कोई अधिकार सृजित नहीं होंगे और इसके आधार पर किया गया सिलेक्शन भी हाईकोर्ट के फैसले के अधीन रहेगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692